वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017-18

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
झांसी 284 003, भारत
Rani Lakshmi Bai Central Agricultural University
Jhansi 284 003, India

रा.ल.बा. के.कृ.वि.

वार्षिक रिपोर्ट

2017-18

जुलाई 2017 - जून 2018

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
झांसी 284 003, भारत

वार्षिक रिपोर्ट 2017-2018

(जुलाई 2017 से जून 2018)

दूरभाष	:	0510-2730555, 0510-2730777
फैक्स	:	0510-2730555
ई-मेल	:	vcrlbcau@gmail.com
वेबसाइट	:	http://www.rlbcau.ac.in

प्रकाशन

डॉ. मुकेश श्रीवास्तव

कुलसचिव

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

झांसी 284003

संकलन और संपादन

प्रो. डॉ. कुसुमाकर शर्मा

सलाहकार

डॉ. मीनाक्षी आर्य

वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान)

डॉ. मुकेश श्रीवास्तव

कुलसचिव

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

झांसी 284003

आभार

कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय (डीकेएमए)

भारतीय कृषि अनुसंधन परिषद, कृषि अनुसंधान भवन-1,

पूसा, नई दिल्ली 110012

मै. प्रिन्ट-ओ-वर्ल्ड, 2568, मंदिर लेन, शादीपुर, नई दिल्ली-110008 द्वारा लेजरटाईपसैट तथा मै. रायल ऑफसेट पिंटर्स, ए-89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110028 द्वारा मुद्रित।

प्राक्कथन

मुझे रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरएलबीसीएयू), झांसी का चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस प्रतिवेदन में वर्ष 2017-18 के दौरान विश्वविद्यालय के प्रमुख विकास और महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी समीक्षा की गई है।

विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय महत्व की एक संस्था के रूप में अपनी स्थापना के अधिदेशित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि, बी.एससी. (ऑनर्स) बागवानी और बी.एससी. (ऑनर्स) वानिकी की उपाधि हेतु चल रहे तीन पूर्व स्नातक कार्यक्रमों के लिए वांछित बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराकर सबल बनाया गया है। भा.कृ.अ.प.-अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से नामांकित किए गए 80 नए छात्रों को प्रवेश दिया गया है। नया शैक्षणिक खण्ड गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्व-रचित संरचनाओं में कार्यशील हो गया है। विश्वविद्यालय ने छात्रों तथा संकाय सदस्यों की सुविधा के लिए अपनी प्रयोगशालाओं, कक्षाओं तथा प्रयोगात्मक शिक्षा संसाधनों को सबल बनाया है।

बुंदेलखंड क्षेत्र की कृषि-पारिस्थितिकीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान कार्य मुख्यत: दलहनों व तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने की उपयुक्त प्रौद्योगिकी विकास पर केन्द्रित रहा है। फसल प्रणाली में चना, ग्रीष्मकालीन मूंग, तिल और तोरिया-सरसों फसलों के शामिल किए जाने से उत्पादन व उत्पादकता में और अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। भा.कृ.अ.प.-अखिल भारतीय समन्वित चना अनुसंधान परियोजना के विश्वविद्यालय केन्द्र में चने की उत्पादकता और उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हुई हैं। अनेक प्रविष्टियों (बारानी, सिंचित, काबुली, देसी तथा अधिक बड़ी काबुली) का उनकी उपज क्षमता तथा जैविक व अजैविक प्रतिकूल स्थितियों के प्रति सहिष्णुता के लिए मूल्यांकन किया गया। इस क्षेत्र में चने का स्टंट विषाणु तथा *एस्कोकाइटा* झुलसा रोग उभरते हुए रोगों के रूप में रिकॉर्ड किए गए हैं। भा.कृ.अ.प. ने 1 अप्रैल 2018 से विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित तोरिया-सरसों अनुसंधान परियोजना का एक केन्द्र भी स्थापित किया है, ताकि बुंदेलखंड क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण तिलहनी फसल की खेती को बढ़ावा दिया जा सके।

खेती की श्रेष्ठ विधियों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कृषक भ्रमण कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई। संकाय द्वारा चने, सरसों और तिल के 130 प्रशिक्षण एवं अग्र पंक्ति प्रदर्शन तथा अन्य विस्तार क्रियाकलाप सफलतापूर्वक आयोजित किए गए जिनसे सैकड़ों किसानों को लाभ

हुआ। विश्वविद्यालय के अध्यापक तथा छात्र स्वच्छ भारत अभियान (एसबीए), राष्ट्रीय समाज सेवा (एनएसएस), राष्ट्रीय कृषि उत्सव तथा अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की दिशा में सक्रिय रहे हैं।

आवश्यक भवनों (कृषि, बागवानी और वानिकी महाविद्यालय के लिए शैक्षणिक भवन; प्रशासनिक भवन, कुलपति निवास, छात्रावास आदि) के लिए निर्माण कार्य करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यह समस्त कार्य झांसी में पूर्ण गति से हो रहे हैं। इससे निकट भविष्य में शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के लिए अति उत्कृष्ट सुविधाएं सृजित करने का कार्य और अधिक तेजी से सम्पन्न होगा। ऐसी अपेक्षा है कि अधिष्ठाताओं तथा निदेशकों के वैधानिक पद शीघ्र ही भरे जाएंगे तथा विभिन्न शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की वांछित स्वीकृति भी विश्वविद्यालय को शीघ्र प्राप्त होगी।

विश्वविद्यालय को अनेक विशिष्ट व्यक्तियों व शिक्षाविदों के आतिथ्य का सुअवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय उनके प्रोत्साहन, मार्गदर्शन तथा महत्वपूर्ण योगदान के प्रति उनका ऋणी है। प्रबंधन मंडल, वित्त समिति, भवन एवं निर्माण कार्य समिति सहित अनेक समितियों के सदस्यों ने हमें निरंतर अपना समर्थन देते हुए हमारा मार्गदर्शन किया है। मैं इन सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

विश्वविद्यालय श्री राम नाथ कोविंद जी, माननीय विजिटर, श्री राधा मोहन सिंह जी, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार और डॉ. पंजाब सिंह, माननीय कुलाधिपति का उनके मार्गदर्शन तथा वांछित समर्थन के लिए ऋणी हैं। मैं केन्द्र तथा राज्य सरकारों; डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैं डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, कुलसचिव; श्री जवाहर लाल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, भा.कृ.अ.प.-सीएएफआरआई, झांसी तथा श्री महेश मुलानी, वित्त एवं लेखा अधिकारी, भा.कृ.अ.प.-सीआईएई, भोपाल को भी उनके द्वारा वांछित सहायता प्रदान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। मैं अपने वैज्ञानिकों तथा अन्य स्टाफ से प्राप्त सामूहिक सहयोग और सहायता के लिए भी उनका आभारी हूं जिन्होंने ऊंचे स्वप्न देखे तथा सीमित संख्या में होने के बावजूद भी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक कार्य किया है। मैं प्रोफेसर डॉ. कुसुमाकर शर्मा तथा उनके समर्पित संपादकीय दल को यह वार्षिक प्रतिवेदन समय पर तैयार करने के लिए बधाई देता हूं।

अरविन्द कुमार

दिनांक: 30 जुलाई, 2018
स्थान : झांसी

(अरविन्द कुमार)
कुलपति

विषय-सूची

प्राक्कथन *iii*

विश्वविद्यालय 1

1. प्रस्तावना 2
2. लक्ष्य 2
3. विश्वविद्यालय प्राधिकारी एवं शासन 2
4. शैक्षणिक गतिविधियां 5
5. संकाय 6
6. एआईसीआरपी – चना उप केन्द्र 16
7. विस्तार गतिविधियां 25
8. बुनियादी ढांचे का विकास 31
9. वित्त एवं बजट 41
10. अन्य प्रमुख गतिविधियां/कार्यक्रम 42
11. अतिथियों की सूची 48
12. संकाय सदस्यों की सम्मेलनों/प्रशिक्षणों/बैठकों में प्रतिभागिता 51
13. पुरस्कार एवं सम्मान 53
14. प्रकाशन 53
15. वर्ष 2018-19 के लिए भावी कार्यक्रम 56

अनुबंध I 57
अनुबंध II 59
अनुबंध III 60
अनुबंध IV 68
अनुबंध V 69
अनुबंध VI 70
अनुबंध VII 71
अनुबंध VIII 72

विश्वविद्यालय

1. प्रस्तावना

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय भारत का ऐसा प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में की गई थी। इसका मुख्यालय उत्तर प्रदेश राज्य के झांसी में है। कृषि के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान तथा विस्तार शिक्षा के कार्यक्रमों के संदर्भ में इसका कार्य क्षेत्र और उत्तरदायित्व पूरे देश में व्याप्त है, तथापि बुंदेलखंड क्षेत्र से संबंधित मामलों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है। विश्वविद्यालय अधिनियम में यह व्यवस्था है कि सभी महाविद्यालय, अनुसंधान एवं प्रयोगात्मक केन्द्र तथा अन्य संस्थाएं जो विश्वविद्यालय के प्राधिकार के अंतर्गत स्थापित हुई हैं या की जानी हैं वे विश्वविद्यालय के अधिकारियों तथा प्राधिकारियों के पूर्ण प्रबंध व नियंत्रण के अंतर्गत आने वाली घटक इकाइयां होंगी। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 4 (2) के प्रावधान के अंतर्गत विश्वविद्यालय ने अपने मुख्यालय के अलावा, कृषि महाविद्यालय व बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, झांसी में स्थापित किए हैं। दो अन्य महाविद्यालय नामत: पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय तथा मात्स्यकी महाविद्यालय, दतिया, मध्य प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से सीधे वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

2. लक्ष्य

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम- 2014 के अनुसार विश्वविद्यालय के उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं जो निम्नानुसार हैं:

क. जैसा उचित हो, कृषि तथा सम्बद्ध विज्ञानों की विभिन्न शाखाओं में उचित शिक्षा प्रदान करना;

ख. कृषि तथा संबंध विज्ञानों में अधिगम या सीखने तथा अनुसंधान करने में और अधिक प्रगति करना;

ग. बुंदेलखंड में सम्मानित न्यायिक क्षेत्र के राज्यों के जिलों में विस्तार शिक्षा के कार्यक्रम चलाना;

घ. राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थाओं के साथ साझीदारी और सम्पर्कों को बढ़ावा देना; और

ड. समय-समय पर निर्धारित किए गए अन्य ऐसे कार्यों को सम्पन्न करना।

3. विश्वविद्यालय प्राधिकारी एवं शासन

कुलपति विश्वविद्यालय के प्रधान कार्यपालक व शैक्षणिक प्रमुख तथा प्रबंध मंडल, वित्त समिति और शैक्षणिक परिषद के पदेन अध्यक्ष हैं। प्रबंध मंडल, वित्त समिति और शैक्षणिक परिषद शीर्ष निकाय हैं जो प्रशासनिक, वित्तीय व शैक्षणिक मामलों में निर्णय लेते हैं। विश्वविद्यालय की प्रस्तावित शासन संरचना चित्र में दर्शायी गई है।

3.1 प्रबंधन मंडल

प्रबंधन मंडल प्रधान कार्यपालक निकाय है तथा यह विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लेने और इसके प्रबंध के लिए उत्तरदायी है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान प्रबंधन मंडल का गठन अनुबंध-I में दिया गया है। इस अवधि के दौरान प्रबंधन मंडल की तीन बैठकें आयोजित हुईं।

क्र. सं.	बैठक	तिथि	उपस्थित मंडल सदस्यों की संख्या
1.	5वीं	4 अगस्त 2017	14
2.	6वीं	31 जनवरी 2018	12
3.	7वीं	14 जून 2018	09

प्रबंधन मंडल द्वारा विभिन्न बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में निम्न निर्णय शामिल हैं:

पांचवीं बैठक

- शैक्षणिक वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन



विश्वविद्यालय की शासन संरचना

- वर्ष 2017-18 से 2019-20 के लिए बजट आकलनों के अंतर्गत सूचित किए गए आवंटनों का मूल्यांकन तथा प्रस्तावित ईएफसी
- विश्वविद्यालय द्वारा 2017-18 के दौरान किए गए सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति और स्थिति का मूल्यांकन
- अधिदेशित लेखापरीक्षा के लिए वर्ष 2016-17 हेतु वार्षिक लेखों का अनुमोदन
- निदेशकों/अधिष्ठाताओं के पदों के लिए चयन समिति में सदस्यों के कुलपति द्वारा नामांकन हेतु कम से कम कुलपति या समतुल्य पदों पर कार्यरत या कार्य कर चुके छह प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के पैनल का नामांकन
- निदेशकों/अधिष्ठताओं/प्राध्यापक या समतुल्य पदों के लिए स्कोर-कार्ड दिशानिर्देशों पर विचार
- प्रबंधन मंडल तथा विभिन्न समितियों के

प्रबंधन मंडल की 5वीं बैठक का दृश्य

गैर-सरकारी सदस्यों के मानदेय/बैठक में भाग लेने के शुल्क के संशोधन पर विचार

- शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के दौरान 25 शिक्षण एसोसिएट को नियुक्त करने की स्वीकृति
- डॉ. कुसुमाकर शर्मा और डॉ. एस.के. शर्मा के परामर्शकों के रूप में कार्यकाल के विस्तार की स्वीकृति

छठी बैठक

- विजिटर को प्रस्तुत किए जाने के लिए वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए वार्षिक लेखों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का अनुमोदन
- वर्ष 2017-18 से 2019-20 के लिए ईएफसी द्वारा अनुमोदित आबंटनों का मूल्यांकन
- विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सिविल निर्माण कार्यों की प्रगति एवं स्थिति का मूल्यांकन
- शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न पूर्व स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या का अनुमोदन
- शैक्षणिक वर्ष 2018-19 और उसके बाद प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए शुल्क के ढांचे में प्रस्तावित संशोधन का अनुमोदन।

सातवीं बैठक

- रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में शिक्षा निदेशक, अनुसंधान निदेशक तथा विस्तार शिक्षा निदेशक और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता की नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों का अनुमोदन
- वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक लेखों का अनुमोदन

- प्रश्न-पत्र तैयार करने और परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के पारिश्रमिक के संशोधन का अनुमोदन
- विशेषज्ञों/अतिथि व्याख्याताओं के मानदेय में संशोधन का अनुमोदन
- विश्वविद्यालय के एनपीएस योगदाताओं को ब्याज की अदायगी का अनुमोदन
- एनपीएस के योगदाता के रूप में डॉ. अरविन्द कुमार के नामांकन का अनुमोदन
- छुट्टी नकदीकरण के लाभों के विस्तार तथा राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को 'सेवानिवृत्ति उपादान तथा मृत्यु उपादान' का अनुमोदन
- अध्ययन दौरे पर छात्रों को सरकारी आवास प्रभारों की प्रतिपूर्ति का अनुमोदन
- फार्म उपकरणों तथा ग्रीनहाउस/पॉलीहाउस की खरीद का अनुमोदन
- डॉ. कुसुमाकर शर्मा के परामर्शक के रूप में नियुक्ति की अवधि के विस्तार का अनुमोदन
- विश्वविद्यालय नियंत्रक की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का अनुमोदन
- शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन।

3.2 वित्त समिति

विश्वविद्यालय की वित्त समिति में पदेन अध्यक्ष के रूप में कुलपति, वित्तीय सलाहकार, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग; मंडल द्वारा नामित तीन व्यक्ति जिनमें से कम से कम एक व्यक्ति मंडल का सदस्य होगा; विजिटर द्वारा नामित तीन व्यक्ति; इसके सदस्य तथा विश्वविद्यालय के नियंत्रक इसके सदस्य-सचिव हैं (अनुबंध-II)। इस अवधि के दौरान वित्त समिति की दो बैठक हुई।

क्र. सं.	बैठक	तिथि	उपस्थित वित्त समिति के सदस्यों की सं.
1.	5वीं	10 जनवरी 2018	05
2.	6वीं	08 जून 2018	06

वित्त समिति की बैठक में कार्यसूची की जिन मदों पर चर्चा हुई और जो प्रमुख निर्णय लिए गए वे निम्नानुसार हैं:

पांचवीं बैठक

- वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए वार्षिक लेखों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का मूल्यांकन
- वर्ष 2017-18 से 2019-20 के लिए ईएफसी द्वारा अनुमोदित आबंटनों का मूल्यांकन

छठवीं बैठक

- वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक लेखों का अनुमोदन
- वर्ष 2018-19 के लिए बजट आकलनों के अंतर्गत सूचित किए गए आबंटनों का मूल्यांकन
- प्रश्न-पत्र तैयार करने, परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और अतिथि व्याख्याताओं के पारिश्रमिक का संशोधन
- विश्वविद्यालय के एनपीएस अंशदाताओं को ब्याज की अदायगी का अनुमोदन
- एनपीएस के अंशदाता के रूप में डॉ. अरविंद कुमार के नामांकन का अनुमोदन
- छात्रों को अध्ययन दौरों के लिए सरकारी आवास के प्रभारों की प्रतिपूर्ति
- अर्जित ब्याज से फार्म उपकरणों तथा ग्रीनहाउस/पॉली हाउस की खरीद
- विश्वविद्यालय के दतिया परिसर हेतु मास्टर प्लान का मूल्यांकन

4. शैक्षणिक गतिविधियां

शैक्षणिक सत्र 2017-18 के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित पूर्व स्नातक कार्यक्रमों के लिए कृषि एंव सम्बद्ध विज्ञानों में अखित भारतीय

प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देने की क्षमता तथा पंजीकृत छात्रों की संख्या का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

छात्र	बी.एससी. (ऑनर्स)			
	कृषि	बागवानी	वानिकी	कुल
प्रवेश क्षमता	40	20	20	80
पंजीकृत	37	14	13	64

विश्वविद्यालय का चौथा शैक्षणिक सत्र 25 जुलाई 2017 से प्रारंभ हुआ। डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, कुलसचिव ने नए प्रवेश पाए छात्रों को विश्वविद्यालय के बारे में संक्षेप में बताया जिसमें पृष्ठभूमि, लक्ष्य तथा हाल की उपलब्धियों के साथ गुरूजनों की अपेक्षाओं का उल्लेख भी किया गया था। प्रथम वर्ष के सभी छात्रों के लिए विश्वविद्यालय में 11 सितम्बर 2017 को अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के नए छात्रों तथा वरिष्ठ छात्रों, संकाय सदस्यों व स्टाफ ने भाग लिया। कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कुलसचिव डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की हाल की उपलब्धियों, शैक्षणिक विषयों, वित्तीय सहायता एवं छात्रवृत्तियों, छात्र कल्याण, आचार संहिता, खेल-कूद के महत्व आदि के बारे में बताते हुए विश्वविद्यालय के संबंध में एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया। माननीय कुलपति ने छात्रों का विश्वविद्यालय परिवार में स्वागत किया तथा किसानों की आय दुगुनी करने के संदर्भ में उन्हें सामान्य रूप से शिक्षा का महत्व और विशेष रूप से उच्च कृषि शिक्षा का योगदान समझने का परामर्श दिया। उन्होंने कृषि शिक्षा तथा देश के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के बीच मौजूद सशक्त संबंध की विस्तार से व्याख्या करते हुए बताया कि यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कृषि हमारे देश की लगभग आधी जनसंख्या की आजीविका में सहायता पहुंचाती है। उन्होंने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर मौलिक कौशल प्राप्त करने व उसे सुधारने और इसके साथ ही व्यक्तित्व, पहल लेने तथा सृजनशीलता के विकास हेतु परिसर में उपस्थित अवसरों का लाभ उठाने तथा शिक्षा क्षेत्र में हुए विकास के बारे में जागरूक रहने का प्रयास करते रहने के लिए छात्रों का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और तद्पश्चात् रात्रि भोज का भी आयोजन हुआ।

5. संकाय

विश्वविद्यालय में अब तक नियमित शिक्षण/गैर-शिक्षण स्टाफ नहीं है। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 6 (x, xi) के संदर्भ में शैक्षणिक, अनुसंधन, विस्तार शिक्षा, प्रशासनिक, मंत्रालयीन और अन्य पदों को सृजित करने और इनकी नियुक्ति करने की शक्ति के अंतर्गत विश्वविद्यालय की वित्त समिति तथा प्रबंधन मंडल ने मुख्यालय तथा 4 घटक महाविद्यालयों (कृषि महाविद्यालय; बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय; पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय; तथा मात्स्यकी महाविद्यालय) के लिए भा.कृ.अ.प. द्वारा कृषि विज्ञान की विभिन्न शाखाओं और भारतीय पशुचिकित्सा परिषद (वीसीआई) द्वारा पशुचिकित्सा विज्ञान में पूर्व स्नातक/स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए न्यूनतम मानकों व मानदंडों के आधार पर 254 शैक्षणिक तथा 234 गैर-शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की है। तथापि, वित्त मंत्रालय ने पदों के सृजन हेतु वित्तीय स्वीकृति देने के लिए प्रस्ताव पर विचार करने से पहले व्यय प्रबंध समिति (ईएमसी) के माध्यम से जीएफआर 2017 (ix) के अनुसार विश्वविद्यालय का मूल्यांकन कराए जाने की इच्छा व्यक्त की। ईएमसी ने जनवरी 2018 में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है तथा 254 शैक्षणिक तथा 234 गैर-शैक्षणिक पदों के प्रस्तावित संकाय शक्ति की अनुशंसा की है जो मानदंडों तथा प्रत्यायन आधारों के अनुसार है। इन पदों को प्राथमिकता के

आधार पर स्वीकृत करने की सिफारिश की गई है। यह प्रस्ताव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग द्वारा वित्तीय स्वीकृति के लिए वित्त मंत्रालय को 4 अप्रैल 2018 को पुनः प्रस्तुत किया गया। तथापि, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार वैधानिक पदों पर भर्ती करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इस दौरान विश्वविद्यालय अपनी शैक्षणिक गतिविधियां 34 संविदा/अतिथि संकाय, वैज्ञानिकों तथा शैक्षणिक एसोसिएट की सहायता से सम्पन्न कर रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्रों तथा बी.एससी. (ऑनर्स), बागवानी व बी.एससी. (ऑनर्स) वानिकी के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए निम्नलिखित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए।

बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि प्रथम वर्ष

I. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एपीए 101	सस्यविज्ञान के मूल तत्व	4 (3+1)
2.	एपीएस 118	मृदा विज्ञान के मूल तत्व	3 (2+1)
3.	एपीएच 176	बागवानी के मूल तत्व	2 (1+1)
4.	एपीएफ 179	वानिकी का परिचय	2 (1+1)
5.	एबीबी 155	पादप जैव-रसायनविज्ञान एवं जैवप्रौद्योगिकी के मूल तत्व	3 (2+1)
6.	एएसी 148	ग्रामीण समाज विज्ञान एवं शैक्षणिक मनोविज्ञान	2 (2+0)
7.	एआरसी 172	प्राथमिक गणित	2 (2+0)
8.	एआरसी 171	परिचयात्मक जीवविज्ञान	2 (1+1)
9.	एएमसी 166	मानव मूल्य एवं आचार नीति	1 (1+0)
10.	एएसी 147	अंग्रेजी में बोधागम्यता एवं संचार कौशल	2 (1+1)
11.	एआरसी 173	कृषि विरासत	1 (1+0)
12.	एएमसी 167	एनएसएस	2 (0+2)

II. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एजीपी 113	आनुवंशिकी के मूल तत्व	3 (2+1)
2.	एबीबी 156	कृषि सूक्ष्मजीविज्ञान	2 (1+1)

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
3.	एएई 132	परिचयात्मक मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी	2 (1+1)
4.	एबीबी 157	फसल कार्यिकी के मूल तत्व	2 (1+1)
5.	एईसी 127	कृषि अर्थशास्त्र के मूल तत्व	2 (2+0)
6.	एपीपी 138	पादप रोगविज्ञान के मूल तत्व	4 (3+1)
7.	एपीई 121	कीट विज्ञान के मूल तत्व	4 (3+1)
8.	एएसी 149	कृषि विस्तार शिक्षा के मूल तत्व	3 (2+1)
9.	एएसी 115	संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास	2 (1+1)
10.	एएनसी 167	एनएसएस	2 (0+2)

बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि द्वितीय वर्ष

III. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एएसटी 241	पादप प्रजनन के मूल तत्व	3 (2+1)
2.	एपीएच 211	सब्जियों तथा मसालों के लिए उत्पादन प्रौद्योगिकी	2 (1+1)
3.	एईसी 226	कृषि वित्त एवं सहकारिता	3 (2+1)
4.	एपीए 201	फसल उत्पादन प्रौद्योगिकी - I (खरीफ फसलें)	2 (1+1)
5.	एएलएम 266	पशुधन एवं कुक्कुट प्रबंधन	4 (3+1)
6.	एपीए 202	पर्यावरण अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन	3 (1+2)
7.	एबीपी 251	कृषि-सूचना प्रणाली	2 (1+1)
8.	एएई 231	फार्म यंत्र एवं शक्ति	2 (1+1)
9.	एपीई 221	सांख्यिकीय विधियां	2 (1+1)
10.	एएनसी 267	एनएसएस	1 (0+1)

IV सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एपीए 205	फसल उत्पादन प्रौद्योगिकी-II (रबी फसलें)	2 (1+1)
2.	एपीएच 277	शोभाकारी फसलों, एमएपी और भूदृश्य निर्माण के लिए उत्पादन प्रौद्योगिकी	2 (1+1)
3.	एएई 235	पुनर्नव्य ऊर्जा एवं हरित प्रौद्योगिकी	2 (1+1)

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
4.	एपीएस 217	समस्याप्रद मृदाएं एवं उनका प्रबंध	2 (2+0)
5.	एपीएच 278	फल एवं रोपण फसलों के लिए उत्पादन प्रौद्योगिकी	2 (1+1)
6.	एएसटी 241	बीज प्रौद्योगिकी के सिद्धांत	3 (1+2)
7.	एपीए 206	फार्मिंग प्रणाली एवं टिकाऊ कृषि	1 (1+0)
8.	एईसी 227	कृषि विपणन व्यापार एवं मूल्य	3 (2+1)
9.	एपीए 207	परिचयात्मक कृषि-मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन	2 (1+1)
10.		वैकल्पिक पाठ्यक्रम	3 credit
11.	एएनसी 266	शैक्षणिक भ्रमण	2 (0+2)
12.	एएनसी 267	एनएसएस/एनसीसी/शारीरिक शिक्षा तथा योगाभ्यास	2 (0+2)

वैकल्पिक पाठ्यक्रम

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एईएस 293	वाणिज्यिक पादप प्रजनन	3 (1+2)
2.	एईएस 294	भूदृश्य निर्माण	3 (2+1)
3.	एईएस 296	जैव-नाशकजीवनाशी एवं जैव-उर्वरक	3 (2+1)
4.	एईएस 391	सुरक्षित खेती	3 (2+1)
5.	एईएस 392	सूक्ष्म प्रवर्धन की प्रौद्योगिकियां	3 (1+2)
6.	एईएस 393	उच्च तकनीक बागवानी	3 (2+1)
7.	एईएस 394	खरपरतवार प्रबंध	3 (2+1)

बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि तृतीय वर्ष

V. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एईसी 326	कृषि व्यापार प्रबंधन के मूल तत्व	2 (1+1)
2.	एपीए 301	फील्ड फसलें I (खरीफ)	3 (2+1)
3.	एपीपी 336	बागवानी फसलों के रोग एवं उनका प्रबंधन	3 (2+1)
4.	एपीई 321	फसल नाशकजीव एवं भंडारित अनाज के नाशकजीव एवं उनका प्रबंधन	3 (2+1)

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
5.	एएसी 346	ग्रामीण समाज शास्त्र एवं शैक्षणिक मनोविज्ञान के मूल तत्व	2 (2+0)
6.	एजीपी 311	पादप जैवप्रौद्योगिकी के सिद्धांत	3 (2+1)
7.	एपीए 302	फार्मिंग प्रणालियां एवं टिकाऊ कृषि	2 (1+1)
8.	एपीएच 331	फलों एवं सब्जियों का सस्योत्तर प्रबंधन एवं मूल्यवर्धन	2 (1+1)

VI. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एईसी 327	उत्पादन अर्थशास्त्र एवं फार्म प्रबंधन	2 (1+1)
2.	एएसी 347	कृषि प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण हेतु विस्तार की विधियां	2 (1+1)
3.	एबीबी 351	जैव रसायनविज्ञान	3 (2+1)
4.	एएसी 348	उद्यमशीलता विकास एवं संचार कौशल	2 (1+1)
5.	एपीए 303	खेत फसलें - II सेमिस्टर (रबी)	3 (2+1)
6.	एफएचएल 341	अंग्रेजी में बोधगम्यता एवं संचार कौशल	2 (1+1)
7.	एफईएस 371	पर्यावरण विज्ञान	2 (1+1)
8.	एपीए 304	खरपतवार प्रबंधन	2 (1+1)
9.	एएई 331	पुनर्नव्य ऊर्जा	2 (1+1)

VII. सेमिस्टर (आरएडब्ल्यूई): 20 क्रेडिट घंटे

बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि के अंतिम वर्ष के छात्रों को 7वें सेमिस्टर के दौरान 20 क्रेडिट घंटों का आरएडब्ल्यूई कार्यक्रम प्रदान किया गया। कार्यक्रम के एक अंग के रूप में छात्रों को ग्रामीण स्थितियों, किसानों द्वारा अपनाई गई कृषि प्रौद्योगिकी स्थितियों, किसानों की समस्याओं के प्राथमिकीकरण तथा किसान परिवारों के साथ कार्य करने हेतु कौशल तथा सही प्रवृत्ति विकसित करने के लिए व्यक्तिगत किसान परिवारों के साथ सम्बद्ध किया गया ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों के सम्पूर्ण विकास का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। बाद में उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षणार्थी के रूप में वन-वर्धन उद्योग का भ्रमण भी कराया गया।

VIII. सेमिस्टर (प्रयोगात्मक शिक्षा): 20 क्रेडिट घंटे

बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि के अंतिम वर्ष के छात्रों में अति उच्च कौशल युक्त व्यावसायिकता विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य से उन्हें प्रयोगात्मक शिक्षण प्रदान किया गया ताकि वे अपने स्वयं के उद्यम स्थापित कर सकें। निम्नलिखित उद्यम अपनाने पर विशेष बल दिया गया:

खुम्बी की खेती में प्रयोगात्मक शिक्षा कार्यक्रम

अंतिम वर्ष के छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा कार्यक्रम (ईएलपी) के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे खुम्बी पर आधारित उद्यम स्थापित करने के लिए न केवल प्रत्यक्ष विशेषज्ञता प्राप्त कर सकें बल्कि उनमें आत्मविश्वास का संचार भी हो सके। प्रशिक्षणार्थी छात्रों को खुम्बी की खेती की विधि तथा प्रक्रियाओं के बारे में भली-भांति प्रशिक्षित किया गया जिसमें माध्यम तैयार करना, ऊतक संवर्धन, खुम्बी बीज तैयार करना, खुम्बी उपज प्राप्त करना और इस उपज की बाजार में बिक्री जैसे पहलू शामिल थे।

सस्योत्तर प्रौद्योगिकी में प्रयोगात्मक शिक्षा

इस कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एससी. (कृषि) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने आय सृजन हेतु विभिन्न उत्पाद तैयार किए तथा उन्हें वाणिज्यिक स्तर पर बेचा। मानकीकृत एवं आर्थिक रूप से व्यावहारिक विभिन्न उत्पादों में तत्काल भोज्य आलू का कस्टर्ड, तत्काल भोज्य आलू का हलुआ मिक्स, नींबू का जड़ी-बूटी युक्त पाचक, चुकंदर का पाचक, रेशायुक्त आम स्क्वैश, किन्नो-नींबू स्क्वैश, अचार, जैम, बेल के उत्पाद आदि शामिल थे। इन उत्पादों का लाभ:लागत अनुपात ज्ञात किया गया जो निम्नानुसार है:

उत्पाद का नाम	लाभ : लागत अनुपात
मिश्रित फलों का जैम	2.5:1
लहसुन का अचार	2:1
मिर्च का अचार	2.6:1
गाजर का अचार	3:1
चुकंदर का पाचक	1.4:1
नींबू का पाचक	3.5:1
किन्नो-नींबू स्क्वैश	3:1
आम का स्क्वैश	3:1

ऑयस्टर की उपज

बिक्री के लिए तैयार ऑयस्टर



क. तत्काल भोज्य आलू का कस्टर्ड (विभिन्न उपचारों का)।

ख. रेशा युक्त आम का स्क्वैश

ग. नींबू जड़ी-बूटी पाचक

घ. एंथोसियानिन से समृद्ध सूखे हुए अंजीर

ड़. मिर्च का अचार (जो जैम जैसा लगता है)

बी.एससी. (ऑनर्स) वानिकी प्रथम वर्ष

I. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एफएनआर 117	भूगर्भ विज्ञान एवं मृदाएं	3 (2+1)
2.	एफएनआर 116	सस्यविज्ञान एवं बागवानी का परिचय	3 (2+1)
3.	एफबीएस 143	पादप जैव रसायन विज्ञान	2 (1+1)
4.	एफएसए 102	वृक्ष-विज्ञान	3 (2+1)
5.	एफबीएस 145	मौलिक गणित	2 (2+0)
6.	एफएसए 101	वानिकी का परिचय	2 (2+0)
7.	एफबीएस 142	संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास	2 (1+1)
8.	एफबीएस 144	वन वनस्पति विज्ञान	2 (1+1*)

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
9.	एफबीएस 141	सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी	2 (1+1)
10.	एफबीएस 146	शारीरिक शिक्षा-II	1 (0+1)
11.	एफबीएस 147	एनएसएस	1 (0+1)

II. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एफबीटी 111	पादप कार्यिकी	3 (2+1)
2.	एफबीटी 112	पादप कोशिका विज्ञान एवं आनुवंशिकी	2 (1+1)
3.	एफएसए 103	वन वर्धन के सिद्धांत एवं व्यवहार	3 (2+1)
4.	एफपीयू 126	काष्ठ आकृतिविज्ञान	3 (2+1)
5.	एफडब्ल्यूएम 136	वन्य जीवन जीवविज्ञान	3 (2+1)
6.	एफएनआर 118	वन सुरक्षा	3 (2+1)
7.	एफबीएस 148	सांख्यिकीय विधियां एवं प्रयोगात्मक डिजाइन	3 (2+1)
8.	एफबीएस 149	भौतिक शिक्षा-II	1 (0+1)
9.	एफबीएस 150	एनएसएस-II	1 (0+1)

बी.एससी. (ऑनर्स) वानिकी द्वितीय वर्ष

III. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एफबीटी 211	वृक्ष सुधार	3 (2+1)
2.	एफएनआर 219	वन पारिस्थितिकी एवं जैवविविधता	3 (2+1)
3.	एफएनआर 217	वन सर्वेक्षण एवं अभियांत्रिकी	3 (2+1)
4.	एफएनआर 216	पर्यावरणीय अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन	3 (2+1)
5.	एफएनआर 218	मृदा जीवविज्ञान एवं उर्वरता	3 (2+1)
6.	एफएसए 201	कृषि वानिकी के सिद्धांत	3 (2+1)
7.	एफएसए 202	वन परिमाण	3 (2+1)
8.	एफबीएस 241	शारीरिक शिक्षा-III	1 (0+1)
9.	एफबीएस 247	एनएसएस	1 (0+1)

IV. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एफएसए 203	वन प्रबंधन	3 (2+1)
2.	एफएसए 204	भारतीय वृक्षों का वन वर्धन	3 (2+1)
3.	एफपीयू 226	काष्ठ उत्पाद एवं उपयोग	3 (2+1)
4.	एफपीयू 227	मानव वनस्पतिविज्ञान, औषधीय एवं सगंधीय पौधो	3 (2+1)
5.	एफडब्ल्यूएम 236	पक्षी विज्ञान एवं सरीसृप विज्ञान	3 (2+1)
6.	एफबीटी 212	बीज प्रौद्योगिकी एवं पौधाशाला प्रबंधन	3 (2+1)
7.	एफएनआर 220	वनभूमि एवं पशुधान प्रबंधन	2 (1+1)
8.	एफबीएस 243	वन आदिमजाति विज्ञान एवं मानवविज्ञान	2 (2+0)
9.	एफबीएस 244	राज्य वन का अधययन भ्रमण	1 (0+1)
10.	एफबीएस 247	एनएसएस-III	1 (0+1)

बी.एससी. (ऑनर्स) बागवानी प्रथम वर्ष

I. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एचएफएस 101	बागवानी के मूल तत्व	3 (2+1)
2.	एचएसएस 166	अर्थशास्त्र एवं विपणन	3 (2+1)
3.	एबीबी 159	प्राथमिक पादप जैव रसायनविज्ञान	2 (1+1)
4.	एबीबी 158	प्राथमिक सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग	3 (2+1)
5.	एचएफएस 102	आनुवंशिकी एवं कोशिका आनुवंशिकी का सिद्धांत	3 (2+1)
6.	एचएनआर 131	मृदा विज्ञान के मूल तत्व	2 (1+1)
7.	एबीबी 160	परिचयात्मक फसल कार्यिकी	2 (1+1)
8.	एचएफएल 121	भूदृश्य वास्तुशास्त्र के सिद्धांत	2 (1+1)
9.	एबीबी 161	परिचयात्मक सूक्ष्मजीवविज्ञान	2 (1+1)
10.	एफबीएस 142	संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास	2 (1+1)
11.	एचएसएस 167	एनएसएस	1 (0+1)

II. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एचएफएस 104	उष्ण कटिबंधीय एवं उपोष्ण फल	3 (2+1)
2.	एचवीएस 101	उष्ण कटिबंधीय एवं उपोष्ण सब्जियां	3 (2+1)
3.	एचएफएस 105	पादप प्रजनन के सिद्धांत	3 (2+1)
4.	एचएनआर 132	मृदा उर्वरता एवं पोषण प्रबंधन	2 (1+1)
5.	एचएनआर 134	बागवानी फसलों में जल प्रबंधन	2 (1+1)
6.	एचएफएस 103	पादप प्रवर्धन एवं पौधाशाला प्रबंधन	2 (1+1)
7.	एचएनआर 133	पर्यावरणीय अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन	3 (2+1)
8.	एबीबी 162	बागवानी फसलों की वृद्धि एवं विकास	2 (1+1)
9.	एचएसएस 170	शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा	1 (0+1)
10.	एचएसएस 169	सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी	2 (1+1)
11.	एचएसएस 167	एनएसएस	1 (0+1)

बी.एससी. (ऑनर्स) बागवानी द्वितीय वर्ष

III. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एचवीएस 201	शीतोष्ण सब्जी फसलें	2 (1+1)
2.	एचएफएस 201	शीतोष्ण फल फसलें	2 (1+1)
3.	एचपीपी 226	पादप रोगविज्ञान के मूल तत्व	3 (2+1)
4.	एचपीपी 227	फल, रोपण, औषधीय एवं सगंधीय फसलों के रोग	3 (2+1)
5.	एबीबी 255	प्राथमिक पादप जैवप्रौद्योगिकी	2 (1+1)
6.	एचएएस 202	बागवानी फसलों में खरपतवार प्रबंधन	2 (1+1)
7.	एचपीपी 228	कीटविज्ञान के मूल तत्व	3 (2+1)
8.	एचएफएल 221	वाणिज्यिक पुष्प विज्ञान	3 (2+1)
9.	एचपीएच 216	खाद्य प्रौद्योगिकी के मूल तत्व	2 (1+1)
10.	एचपीपी 229	बागवानी फसलों के सूत्रकृमि नाशकजीव एवं उनका प्रबंधन	2 (1+1)
11.	एचएसएस 267	एनएसएस	1 (0+1)

IV. सेमिस्टर

क्र.सं.	पाठ्यक्रम कोड	पाठ्यक्रम का शीर्षक	क्रेडिट घंटे
1.	एचएनआर 231	मृदा, जल एवं पादप विश्लेषण	2 (1+1)
2.	एचवीएस 202	मसाले और कांडीमेंट	3 (2+1)
3.	एचएफएल 222	शोभाकारी बागवानी	3 (2+1)
4.	एचएफएस 203	रोपण फसलें	3 (2+1)
5.	एचएफएस 204	फल एवं रोपण फसलों का प्रजनन	3 (2+1)
6.	एचएनआर 232	फार्म शक्ति एवं यंत्र	2 (1+1)
7.	एचपीपी 230	फल, रोपण, औषधीय एवं सगंधीय फसलों के कीट नाशकजीव	3 (2+1)
8.	एचवीएस 203	परिशुद्ध खेती तथा सुरक्षित कृषि	3 (2+1)
9.	एचएफएस 205	शुष्क भूमि बागवानी	2 (1+1)
10.	एचएसएस 267	राष्ट्रीय सेवा योजना/राष्ट्रीय कैडिट कोर	1 (0+1)

6. एआईसीआरपी - चना उप केन्द्र

अनुसंधान के तकनीकी कार्यक्रम में भा.कृ.अ.प. - एआईसीआरपी चना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रजनन, रोग प्रतिरोध, बीजोत्पादन, अंतरफसलन तथा पोषक तत्व और जल प्रबंधन के बहु-आयामी दृष्टिकोण के साथ बुंदेलखंड क्षेत्र में चने का उत्पादन बढ़ाने का कार्य जारी रहा। वर्ष 2017-18 के दौरान रबी मौसम में चने पर निम्नलिखित समन्वित परीक्षण किए गए:

6.1 पादप प्रजनन

विश्वविद्यालय फार्म पर चना पादप प्रजनन के उपज संबंधी परीक्षणों के लिए 266 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया।

क्र. सं.	परीक्षण	प्रविष्टियों की सं.
क.	**भा.कृ.अ.प.-एआईसीआरपी चना**	
1.	आईवीटी बारानी	33
2.	एवीटी 1 बारानी	04
3.	आईवीटी (काबुली + ईएलएस काबुली)	26
4	एवीटी 1 (देसी सिंचित समय पर बोई गई)	04
5	एवीटी (देसी सिंचित समय पर बोई गई)	45
ख.	**'इकार्डा' चना अंतरराष्ट्रीय पौधशालाएं**	
1	एफएलआरपी - सीआईईएन - एलएस-2018 (बड़े बीज वाली)	36
2	एफएलआरपी - सीआईईएन - एस-2018 (वसंत)	36
3	एफएलआरपी - सीआईडीटीएन-एस-2017 (सूखा)	42
ग.	**'इक्रीसेट' - चना**	
1	आईसीवीटी - काबुली	20
2	आईसीवीटी - देसी	20

- निम्नलिखित केन्द्र परीक्षण किए गए:

क) आनुवंशिकी संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से F_5 और

F_6 पीढ़ियों में प्रगत वंशक्रमों के साथ चने पर दो केन्द्र परीक्षण किए जा रहे हैं।

ख) आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय (सेहोर), राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सहयोग से F_7 पीढ़ी में प्रगत वंशक्रमों के साथ चने का एक केन्द्र परीक्षण किया जा रहा है।

ग) जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के सहयोग से प्रगत वंशक्रमों के साथ चने का एक केन्द्र परीक्षण किया जा रहा है।

- **संकरीकरण कार्यक्रम:** उपज के लिए विविधता, अपने घटक परीक्षणों तथा मुख्य रोगों के विरुद्ध प्रतिरोध से युक्त प्रजनन सामग्री सृजित करने के लिए 44 ताजे संकर तैयार करने के सफल प्रयास किए गए।

क्र.सं.	संकर
1.	आईसी-44226 × बीजी 362
2.	आईसी- 223011 × बीजी 362
3.	आईसी 555039 × बीजी 362
4.	डब्ल्यूसीजी 95-50 × पूसा 249
5.	दिग्विजय × आरएसजी 4
6.	बीजी 1003 × डब्ल्यूसीजी 1
7.	बीजी 362 × बीजी 391
8.	बीजीडी 112 × पूसा 372
9.	बीजी 118 × जेजी 11
10.	जेजी 11 × बीजी 362
11.	आरएसजी 902 × सीएसजी 8962
12.	बीजी 1053 × पीबीजी 1
13.	उज्ज्वल × बीजी 1053
14.	आरएसजी 902 × सीएसजी 8962
15.	पूसा 372 × आईसीसीवी 92844
16.	बीजी 118 × जेजी 11
17.	दिग्विजय × आरएसजी 4
18.	जेजी × बीजीएम 547
19.	बीजी 1003 × डब्ल्यूसीजी 1
20.	पूसा 212 × जीएनजी 1958
21.	आईसी 223011 × बीजी 362
22.	अन्नीगेरी × डब्ल्यूसीजी 95-50
23.	आईसी 83386 × एसटी पीवाईटी 2-30
24.	इकार्डा-एलएस 115 × उज्ज्वल
25.	इकार्डा डीटी -126 × डब्ल्यूसीजी 2
26.	आईसी 450005 × एसटी पीवाईटी-2-30
27.	आईसी 75501 × बीजी 1053
28.	आईसी 27231 × आईसी 44221
29.	आईसी 590013 × आईसी 44226
30.	इकार्डा एलएस-128 × बीजी 1053
31.	आईसी 55085 × बीजीडी 72
32.	इकार्डा डीटी-119 × डब्ल्यूसीजी 2
33.	इकार्डा-एस-116 × उज्ज्वल
34.	आईसी 75501 × बीजी 1053
35.	आईसी 261136 × बीजी 362
36.	इकार्डा एलएस 133 × बीजीडी 72
37.	आईसी 118592 × बीजीडी 72
38.	आईसी 590013 × आईसी 44226
39.	आईसी 555039 × बीजी 362
40.	इकार्डा डीटी-129 × डब्ल्यूसीजी 2
41.	इकार्डा एलएस-115 × उज्ज्वल
42.	आईसी 44226 × बीजी 362
43.	आईसी 261136 × बीजी 362
44.	इकार्डा एलएस-118 × उज्ज्वल

- **प्रजनन सामग्री की स्थिति:** निम्न प्रजनन सामग्री को अगली पीढ़ी में मूल्यांकन, चयन व आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न पीढ़ियों में उगाया गया:

पीढ़ी	संकरों की संख्या	एसपीएस	विपुल
F_1	21	21	-
F_4	6	6	6
शटल प्रजनन/F_7	47	41	-
शटल प्रजनन/F_6	23	8	10

- **उपज परीक्षण/केन्द्र परीक्षण:** विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न उपज परीक्षणों/केन्द्र परीक्षणों में उपज (कि.ग्रा./है) के लिए किए गए परीक्षणों के संदर्भ में आशाजनक प्रविष्टियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

परीक्षण	प्रविष्टियों की संख्या	उपज सहित आशाजनक प्रविष्टियां (कि.ग्रा./है.)
आईसीवीटी-देसी	20	आईसीसीवी 171114(2357 कि.ग्रा./है.), आईसीसीवी 171106 (2190 कि.ग्रा./है.)
आईसीवीटी-काबुली	20	आईसीसीवी 171314(1429 कि.ग्रा./है.), आईसीसीवी 171311 (1381 कि.ग्रा./है.)
'इकार्डा'-एफएलआरपी-सीआईईएन- एलएस	36	एफएलआईपी 10-266सी (1746 कि.ग्रा./है.)
'इकार्डा'-एफएलआरपी-सीआईईएन- एस	36	एफएलआईपी 10-234सी (1603 कि.ग्रा./है.)
'इकार्डा'-एफएलआरपी-सीआईडीटीएन	42	एफएलआईपी 10-186सी (1708 कि.ग्रा./है.), एफएलआईपी 10-120सी (1667 कि.ग्रा./है.), एफएलआईपी 10-19सी (1639 कि.ग्रा./है.), एफएलआईपी-10-24सी (1611 कि.ग्रा./है.)
एसटी-1	24	बीजीएम 1040 (2111I कि.ग्रा./है.), बीजीएम 1036 (2083 कि.ग्रा./है.), बीजीएम 1042 (2083 कि.ग्रा./है.), बीजीएम 1037 (1805 कि.ग्रा./है.)
एसटी-2	26	एफ-6-378 (3667 कि.ग्रा./है.), एफ 6-63 (3167 कि.ग्रा./है.), एफ 6-67 (3056 कि.ग्रा./है.), एसटी-पीवाईटी-2 (30) (3000 कि.ग्रा./है.), एफ-6-18(2944 कि.ग्रा./है.)
एसटी-3	6	एफ4-जेजी 2017-6 (1857 कि.ग्रा./है.), एफ 4-जेजी 2017-2 (1849 कि.ग्रा./है.), जेजी 2017-3 (1698 कि.ग्रा./है.), जेजी 2017-4 (1611 कि.ग्रा./है.)

- **पादप आनुवंशिक संसाधान:** वर्ष 2015-16 और 2016-17 में एनबीपीजीआर, नई दिल्ली से प्राप्त की गई चने की लगभग 160 जननद्रव्य प्रविष्टियों का एक संकलन उगाया गया तथा उसका अनुरक्षण किया गया। इन प्रविष्टियों का तीन सूक्ष्म-पर्यावरणों नामत: समय पर बुवाई (11.11.2017), मध्यम पछेती बुवाई (03-12-2017) और पछेती बुवाई

(22-12-2017) के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में मूल्यांकन किया गया। इन्हें उर्वरकों की अनुशंसित खुराकों का उपयोग करते हुए उगाया गया था। बुवाई की तीन भिन्न तिथियों में रोग, कीट अंतरक्रियाओं और जीनप्ररूपी निष्पादन की प्रवृत्तियों पर पर्यावरणीय बलों के प्रभाव के मूल्यांकन हेतु एक अध्ययन किया गया।

- **एआईसीआरपी-चना आईवीटी परीक्षण में प्रस्तुत नई प्रविष्टियां**

काबुली

देसी

काबुली चने की नई प्रविष्टियों, नामत: **आरएलबीजीके-1** और **आरएलबीजीके-2** व देसी प्रविष्टियों, **आरएलबीजी-1 और आरएलबीजी-2** को रबी 2017-18 के दौरान उपज में योगदान देने वाले गुणों के संदर्भ में अंचलवार छंटाई हेतु एआईसीआरपी-चना आईवीटी परीक्षण काबुली और देसी में प्रस्तुत किया गया। इन प्रविष्टियों की रोग/नाशकजीव सहिष्णुता तथा विभिन्न रोगों के प्रति संवेदनशीलता सूचकांक के लिए भी छंटाई की जाएगी।

- **भा.कृ.अ.प.-एआईसीआरपी-चना आईवीटी परीक्षण में प्रस्तुत प्रविष्टियां**

अनुशंसित कवकनाशियों के उपचार के पश्चात् रबी मौसम के दौरान प्रदर्शन प्लाटों (काबुली



विश्वविद्यालय फार्म क्षेत्र में उगाए गए तथा मूल्यांकित प्रगत प्रजनन वंशक्रम तथा विसंयोजनशील समष्टियां

28.8 मी.^{2} तथा देसी 19.2 मी.^{2}) में बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए चने की किस्मों का जैविक तथा अजैविक प्रतिकूल स्थितियों के प्रति सहिष्णुता तथा प्रतिरोध के लिए इनके निष्पादन का मूल्यांकन किया गया।

रबी 2017-18 के दौरान प्रदर्शन प्लाटों (अ-प्रतिकृत) में चने की किस्मों का निष्पादन

क्र. सं.	किस्में/जीनप्ररूप	उपज (क्विंटल/है.)	परिपक्वता (दिनों में)	बीज का आकार (ग्रा/100 बीज)	टिप्पणी
काबुली चना					
1.	बीजी 1053	25.00	122	24.90	बारानी, सिंचित, मुर्झान के प्रति सहिष्णु, मृदा जनित रोगों के विरुद्ध प्रतिरोधी, एनडब्ल्यूपीजैड, सीजैड
2.	उज्ज्वल (आईपीसीके 2004-29)	19.72	126	23.06	मुर्झान के प्रति मध्यम प्रतिरोधी तथा बीजीएम के प्रति सहिष्णु, फसल की अंतिम अवस्था में नमी की कमी तथा तेज गर्मी से बच जाती है, सीजैड
3.	बीजी 1003	17.60	132	28.46	मुर्झान के प्रति सहिष्णु, एनईपीजैड
4.	बीजी 1108	20.42	120	23.33	समय पर बुवाई, सिंचित, पकाने की दृष्टि से श्रेष्ठ गुणवत्ता युक्त, मृदा जनित रोगों के विरुद्ध प्रतिरोधी
5.	पूसा 2024	20.00	120	22.78	बारानी, सिंचित, मृदा जनित रोगों तथा फली बेधक के विरुद्ध मध्यम सहिष्णु
6.	पूसा 5023 (पूसा शक्तिमान)	23.61	130	31.67	फ्यूजेरियम मुर्झान, शुष्क जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोध तथा प्रतिरोध से युक्त, पकाने की दृष्टि से श्रेष्ठ गुणवत्ता युक्त
देसी चना					
7.	पूसा 212	20.07	122	22.813	मुर्झान प्रतिरोधी, सी जैड
8.	दिग्विजय	22.92	117	21.285	बारानी, मुर्झान प्रतिरोधी
9.	पूसा 244	22.92	129	15.273	मुर्झान तथा स्टंट प्रतिरोधी, सीजैड
10.	आरएसजी-44	19.27	125	12.619	सूखा तथा पाले के प्रति सहिष्णु
11.	बीजी-5028 (पूसा भीम)	27.60	125	21.085	अत्यधिक बड़े बीज, मुर्झान के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी
12.	बीजीडी 72	27.08	125	23.979	मुर्झान तथा जड़ सड़न के विरुद्ध प्रतिरोधी, बड़े बीज वाली, सीजैड
13.	डब्ल्यूसीजी-1 (सदभावना)	29.17	129	19.274	शुष्क जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी, उत्तर प्रदेश

क्र. सं.	किस्में/जीनप्ररूप	उपज (क्विंटल/है.)	परिपक्वता (दिनों में)	बीज का आकार (ग्रा/100 बीज)	टिप्पणी
14.	जेएकेआई 9218	20.50	129	15.341	"यूजेरियम मुर्झान, जड़ सड़न और स्कंध सड़न के विरुद्ध प्रतिरोधी, बारानी
15.	बीजी-.391	35.42	129	23.434	मुर्झान तथा जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी, बड़े बीज वाली, सीधो पौधों वाली, सीजैड
16.	बीजी-362	35.06	129	24.789	मुर्झान के प्रति सहिष्णु, बड़े बीज वाली, एनडब्ल्यूपीजैड
17.	जेजी 11	29.17	129	21.415	मुर्झान के विरुद्ध प्रतिरोधी, जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी, बड़े बीज वाली, एसजैड
18.	सीएसजी 8962 (करनाल चना 1)	20.63	132	12.228	लवण सहिष्णु, मुर्झान के विरुद्ध प्रतिरोधी
19.	आरएसजी 902 (अरूणा)	20.73	129	26.051	शुष्क जड़ सड़न, मुर्झान, फली बेधक के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी
20.	फुल्ले जी-5 (विश्वास)	21.77	122	18.554	सिंचित, सीजैड
21.	आईसीसीवी 92944	22.13	122	19.803	बारानी, गर्मी को सह सकने वाली
22.	पूसा -372	26.04	126	26	मुर्झान, झुलसा तथा जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी, छोटे बीज वाली, एनईपीजैड, एनडब्ल्यूपीजैड, सीजैड
23.	बीजीडी 112	17.19	137	16.34	गहरे हरे रंग की पत्तियां
24.	पूसा 547	24.48	121	22.86	सिंचित, मुर्झान, जड़ सड़न, स्टंट रोगों तथा फली बेधक कीट के विरुद्ध सहिष्णु, एनडब्ल्यूपीजैड
25.	जीएनजी 1958	15.63	130	27.24	सिंचित, एनडब्ल्यूपीजैड
26.	पीवीजी 1	10.94	129	15.1	एस्कोकाइटा झुलसा के विरुद्ध प्रतिरोधी, एनडब्ल्यूपीजैड
27.	डब्ल्यूसीजी 2 (सूर्या)	23.96	130	13.412	जड़ सड़न के विरुद्ध प्रतिरोधी, स्टंट तथा शुष्क जड़ सड़न के प्रति सहिष्णु, उत्तर प्रदेश
28.	बीजी 1103	28.65	127	22.524	मुर्झान, जड़ सड़न, ब्रूकिड के विरुद्ध प्रतिरोधी, पछेती बुवाई के लिए उपयुक्त
29.	डब्ल्यूसीजी 95-50	24.48	117	18.56	मुर्झान तथा तना सड़न के विरुद्ध प्रतिरोधी
30.	अन्नीगेरी	25.00	119	17.172	बारानी, एसजैड
31.	जेजी 315	31.25	124	14.859	मुर्झान प्रतिरोधी, सीजैड

क्र. सं.	किस्में/जीनप्ररूप	उपज (क्विंटल/है.)	परिपक्वता (दिनों में)	बीज का आकार (ग्रा/100 बीज)	टिप्पणी
32.	पीडीजी 4	20.31	127	17.372	अंकुरण के पश्चात् शाकनाशी के प्रति सहिष्णु
33.	आरएसजी 888 (अनुभव)	25.00	120	21.729	बारानी, मुर्झान, जड़ सड़न के विरुद्ध मध्यम प्रतिरोधी, एनडब्ल्यूपीजैड
34.	जेजी 130	20.83	127	12.471	मुर्झान के विरुद्ध प्रतिरोधी, मध्य प्रदेश
35.	पूसा 547	24.68	118	26.955	पछेती बुवाई, सिंचित, मुर्झान, जड़ सड़न, स्टंट रोगों और फली बेधक कीट के प्रति सहिष्णु, एनडब्ल्यूपीजैड
36.	सी-235	20.31	129	12.301	तना सड़न तथा झुलसा के प्रति सहिष्णु, पंजाब और हरियाणा

एनडब्ल्यूपीजैड: उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र, सीजैड : मध्य क्षेत्र, एसजैड: दक्षिणी क्षेत्र, एनडब्ल्यूपीजैड : उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र

6.2 पादप रोगविज्ञान

- चने के स्कंधा सड़न रोग के विरुद्ध 214 आईवीटी, एवीटी 1 और एवीटी-2 (देसी, काबुली, बारानी, पछेती बोई गई, एमएच, डीटीआईएल आदि) प्रविष्टियों को गमलों में उगाते हुए मूल्यांकन हेतु लिया गया।

स्कंधा सड़न की गमलों में छंटाई

स्कंधा सड़न रोग

- रोगी प्लाटों में मुर्झान रोग को बढ़ाने के लिए जेजी 62 किस्म की बुवाई पूर्व-रबी मौसम (सितम्बर) में की गई तथा एक माह के बाद मुर्झाए हुए पौधों को मिट्टी में मिलाया गया। चने के भूसे तथा ज्वार के दानों पर प्रगुणन के पश्चात् संरोप भी मिलाया जा रहा है।
- सेहोर केन्द्र तथा 'इक्रीसेट' से प्राप्त विभेदों नामत: सी 104, जेजी 74, सीपीएस 1, बीजी 212, डब्ल्यूआर 315, केडब्ल्भ्यूआर 108, चाफा, एन्नेगिरी, एल 550, डेल्टा और के 850 के सैट को प्रगुणित किया गया।
- वर्ष 2017-18 के दौरान झांसी केन्द्र से विभिन्न केन्द्रों को जेजी-62 का 42 कि.ग्रा. बीज

मुर्झान के प्रकोप को दर्शाते हुए मुर्झान से रोगी प्लांट



टी1 ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम टी6,
टी2 ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम टी28,
टी3 ट्राइकोडर्मा विरिडी टी 18,
टी4 ट्राइकोडर्मा उत्परिवर्तक,
टी5 प्रोपिनेब,
टी6 हैक्साकोनाज़ॉल + जेनैब
टी7 ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम टी6 + प्रोपिनेब,
टी8 पाजिटिव कंट्रोल

स्कंध सड़न रोग के प्रबंधन के लिए कवकनाशियों के विभिन्न संयोगों से युक्त ट्राइकोडर्मा के नए प्रभेदों के मूल्यांकन पर किए गए प्रयोग के चित्र; टी1 से टी8 उपचार हैं

उपलब्ध कराया गया तथा एआईसीआरपी के विभिन्न केन्द्रों में मुर्झान की छंटाई में तुलनीय के रूप में इस्तेमाल किए जाने के लिए वर्ष 2018 के दौरान जेजी 62 का 100 कि.ग्रा. बीज उत्पन्न किया गया।

- चने के स्कंध सड़न रोग के प्रबंध के लिए कवकनाशियों के विभिन्न संयोगों के साथ ट्राइकोडर्मा के नए प्रभेदों के मूल्यांकन हेतु एक प्रयोग किया गया।

ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम टी6 + प्रोपिनेब से उपचारित बीज *स्क्लेरोशियम रॉल्फसी* के विरुद्ध सर्वाधिक प्रभावी पाए गए क्योंकि इस उपचार से पौधों की संख्या और उपचारित चने की उपज में सुधार होता है, तथापि इस अध्ययन का अगले 2 से 3 फसल मौसमों में बड़े खेतों में और अधिक मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता है।

- **झांसी क्षेत्र में चने के उभरते हुए रोग**

क) पिछले मौसम में हुए लगभग 10 प्रतिशत प्रकोप की तुलना में चना के स्टंट विषाणु का 15 प्रतिशत तक प्रकोप रिकॉर्ड किया गया। इस संक्रमण की पुष्टि विषाणु के क्लोनीकरण और अनुक्रमण के द्वारा की गई। विषाणु से संक्रमित प्लाटों में उपज की 20 से 35 प्रतिशत तक हानि रिकॉर्ड की गई। तद्नुसार चना के स्टंट रोग के प्राइमरों को आंशिक कवच प्रोटीन क्षेत्र के लिए निर्धारित किया गया तथा विषाणु को विलगित करने व उसका लक्षण-वर्णन करने का प्रयास किया गया। पीसीआर तथा अनुक्रम से विषाणु की उपस्थिति की पुष्टि हुई। विषाणु से संक्रमित चने के सम्पूर्ण जीनोम का लक्षण-वर्णन करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ख) झांसी क्षेत्र में एस्कोकाइटा झुलसा के पिछले वर्ष हुए 5-7 प्रतिशत प्रकोप की तुलना में इस वर्ष 10-15 प्रतिशत तक प्रकोप रिकॉर्ड किया गया। इस कवक को विलगित किया गया है तथा इसके लक्षण-वर्णन का कार्य प्रगति पर है।

चने का स्टंट रोग

झांसी केन्द्र में एस्कोकाइटा झुलसा के लक्षण

7. विस्तार गतिविधियां

7.1 किसानों के उद्भासन भ्रमण

विश्वविद्यालय के कृषि तथा सब्जी फार्म में अपनाए जाने वाले फसल तथा सब्जी उत्पादन के विभिन्न पहलुओं, जैविक खेती के लाभों व खेती की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराने के लिए किसानों के अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम व उद्भासन भ्रमण आयोजित किए गए। ऐसे कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

- विश्वविद्यालय द्वारा '*जैविक खाद तैयार करने के लिए नई प्रौद्योगिकी*' पर 20 जुलाई 2017 को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आस-पास के गांवों से आए लगभग 60 किसानों ने भाग लिया।
- मुख्यमंत्री खेत तीर्थ योजना (2017-18) के अंतर्गत रायसेन (मध्य प्रदेश) से आए 26 किसानों को 06.09.2017 को प्रशिक्षित किया गया।
- आत्मा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चिरगांव (झांसी) से आए 33 किसानों को 20.09.2017 को प्रशिक्षित किया गया।
- आत्मा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जालौन से आए 15 किसानों को 14.03.2018 को प्रशिक्षित किया गया।
- किसान कल्याण दिवस के अंतर्गत वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने पर झांसी के बबीना ब्लॉक के कंचनपुर गांव में 17.03.2018 को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

आत्मा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किसान

नई तकनीक से जैविक खाद बनाने की विधि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए 55 किसानों ने भाग लिया।

7.2 अग्र पंक्ति प्रदर्शन

अग्र पंक्ति प्रदर्शन नवीनतम अधिसूचित/जारी की गई किस्मों पर भा.कृ.अ.प./कृषि विश्वविद्यालय प्रणाली के माध्यम से व्यवहारिक अनुसंधान का एक स्वरूप है जिसमें भाग लेने वाले तथा पड़ोसी किसानों के समक्ष प्रौद्योगिकियों की क्षमता प्रदर्शित करने की दृष्टि से उनके चुने गए खेतों में सम्पूर्ण सस्यविज्ञानी विधियों को अपनाते हुए प्रदर्शन किया जाता है, ताकि वैज्ञानिकों के फीडबैक के लिए प्रौद्योगिकियों के निष्पादन और फसलों के उत्पादन का विश्लेषण किया जा सके। विश्वविद्यालय ने बुंदेलखंड क्षेत्र में दलहनों तथा तिलहनों की नई तथा उच्च उपजशील किस्मों को किसानों की सहायता से उगाने के लिए प्रक्षेत्र प्रदर्शनों की एक श्रृंखला आयोजित करने का कार्यक्रम बनाया है क्योंकि यहां की जलवायु इन फसलों के लिए आदर्श है और इन्हें कम से कम सिंचाई की आवश्यकता होती है। इस कार्य से इस क्षेत्र में दलहनों और तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिल सकती है तथा यह क्षेत्र इन फसलों के उत्पादन के लिए एक आदर्श स्थल बन सकता है।

7.2.1 तोरिया-सरसों पर प्रक्षेत्र प्रदर्शन

विश्वविद्यालय तथा भा.कृ.अ.प.-तोरिया-सरसों अनुसंधान निदेशालय, सेवार, भरतपुर के बीच बुंदेलखंड क्षेत्र में अग्र पंक्ति प्रदर्शनों के माध्यम

तोरिया-सरसों पर अग्र पंक्ति प्रदर्शनों के घटक

प्रदर्शित प्रौद्योगिकी की तुलना में कृषकों द्वारा अपनाई जाने वाली विद्यमान विधियां	प्रदर्शित प्रौद्योगिकी के घटक
स्थानीय किस्में	उन्नत किस्में
बुवाई की छिड़काव विधि	कतार में बुवाई (45 सें.मी. की दूरी पर), 3-4 कि.ग्रा. बीज/हैक्टर का उपयोग करते हुए
दो से अधिक सिंचाइयां	अनुशंसित सिंचाइयां (दो : बुवाई के 35 दिन बाद और फली बनने की अवस्था पर)
पादप सुरक्षा का कोई उपाय नहीं अपनाया गया	आवश्यकता के आधार पर पादप सुरक्षा के उपाय अपनाए गए



से तोरिया-सरसों की उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन व हस्तांतरण के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सरसों की 4 उन्नत किस्मों नामत: आरएच-406, एनआरसीडीआर-2, एनआरसीएचबी-101 और डीआरएमआर-आईजे का उपयोग करके बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी और टीकमगढ़ जिलों के चार ब्लॉकों नामत: बादागांव, बबीना, निवारी और ओरछा के 18 गांवों में वर्ष 2017-18 के रबी मौसम के दौरान किसानों के खेतों में अग्र पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए। ये प्रदर्शन तोरिया-सरसों की खेती के लिए किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली वर्तमान विधियों की तुलना में उन्नत प्रौद्योगिकी के घटकों के मूल्यांकन हेतु बैंचमार्क सर्वेक्षण के आधार पर आयोजित किए गए।

प्रदर्शन में भाग लेने वाले किसानों में उन्नत प्रौद्योगिकी के प्रति अत्यधिक उत्साहजनक अनुक्रिया पाई गई। पौधों की उपयुक्तम संख्या रखते हुए उन्नत किस्मों के बीज का उपयोग करने पर छिड़काव विधि की तुलना में बीज रोपक यंत्र से कतारों में बुवाई करने पर 35 प्रतिशत बीज की बचत हुई, 16-45 प्रतिशत उच्चतर उपज लाभ और आर्थिक लाभ हुआ (सकल, निवल तथा लाभ:लागत अनुपात)। किसान इस तथ्य से सहमत हुए कि समय पर बुवाई करने से सरसों की उपज में और अधिक वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा उन्नत सस्यविज्ञानी विधियों के पैकेज में फसल को दी गई सिंचाइयां किसानों द्वारा दी जाने वाली सिंचाई की वर्तमान संख्याओं की तुलना में कम थीं। यह स्पष्ट था कि भा.कृ.अ.प.-डीआरएमआर, भरतपुर से प्राप्त सरसों की उन्नत किस्मों से स्थानीय किस्मों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक उत्पादन और निवल लाभ होता है। सस्यविज्ञानी विधियों के उन्नत पैकेज को अपनाने से किसानों द्वारा अपनाई जा रही खेती की परंपरागत विधियों की तुलना में उपज (12.45 क्विंटल/है.) में औसतन 30.2 प्रतिशत (16.23 क्विंटल/है.) की वृद्धि हुई। तथापि, विभिन्न गांवों में प्रक्षेत्र प्रदर्शनों के अंतर्गत उगाई गई विभिन्न उन्नत किस्मों आरएच-406, डीआरएमआर-आईजे 31 (गिरिराज), एनआरसीडीआर-2 और एनआरसीएचबी-101 की क्रमश: 18.84, 17.02, 14.76 और 14.31 मध्य औसत उपज (क्विंटल/है.) रिकॉर्ड की गई।

7.2.2 तिल पर प्रक्षेत्र प्रदर्शन

इस क्षेत्र में तिल की उपज क्षमता बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय ने भा.कृ.अ.प.-तिल और रामतिल पर एआईसीआरपी; जेएनकेवीवी, जबलपुर और भा.कृ.अ.प.-आईआईओआर, हैदराबाद के सहयोग से तिल पर उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन तथा हस्तांतरण के लिए 50 अग्र पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए। किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली विद्यमान विधियों की

तुलना में उन्नत प्रौद्योगिकी के घटकों के मूल्यांकन के लिए किए गए सर्वेक्षण के आधार पर खरीफ मौसम के दौरान बुंदेलखंड के चार ब्लॉकों नामत: झांसी जिले के बदगांव, बबीना और बामौर, ललितपुर जिले के बार और जालौन जिले के कदौरा ब्लॉक के छह गांवों में किसानों के खेतों में तिल की तीन उन्नत किस्मों नामत: टीकेजी-22, प्रगति और जीटी-10 का उपयोग किया गया।

यह देखा गया कि किसानों द्वारा उन्नत सस्यविज्ञानी विधियों के पैकेज के तीन प्राचलों को अपनाया, नामत: एमओएस (बुवाई की विधि), पोषक तत्व प्रबंधन और



तिल पर अग्र पंक्ति प्रदर्शनों के घटक

क्र. सं.	विवरण	किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली विधि	प्रक्षेत्र प्रदर्शन (अनुशंसित विधि)
1.	किस्म	अ-अनुशंसित/अनुशंसित लेकिन पुरानी स्थानीय किस्म	टीकेजी 22, प्रगति और जीटी-10
2.	बुवाई की तिथि	जुलाई के अंत में	जुलाई का दूसरा पखवाड़ा
3.	अंतराल	अधिकांशत: बीज छिड़ककर बुवाई की जाती है। पौधों की संख्या अनियमित रहती है	बीज को या तो बालू में या सूखी मिट्टी अथवा अच्छी तरह से छनी हुई गोबर की खाद में 1:20 के अनुपात में मिलाया जाता है। कतार से कतार की दूरी - 45 सेंमी., पौधो से पौधो की दूरी - 20 सें.मी.
4.	बीज दर (कि.ग्रा./है.)	2-3 कि.ग्रा./है.	पौधों की वांछित संख्या प्राप्त करने के लिए 5 कि.ग्रा./है. की बीज दर पर्याप्त है
5.	बीजोपचार	अधिकांशत: अनुपचारित बीज बोए जाते हैं	2.0 ग्रा./कि.ग्रा. बीज की दर से बैविस्टिन उपचारित बीज का उपयोग करें। जीवाण्विक पत्ती धब्बा रोग की समस्या के लिए बीज को रोपाई के पूर्व 30 मिनट के लिए 0.025 प्रतिशत के एग्रीमाइसिन-100 के घोल में डुबोयें
6.	खरपतवार प्रबंधन	सामान्यत: नहीं किया जाता है	निराई-गुड़ाई : बुवाई के 15-20 दिन बाद एक तथा बुवाई के 30-35 दिन बाद एक अन्य निराई-गुड़ाई की जाती है

क्र. सं.	विवरण	किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली विधि	प्रक्षेत्र प्रदर्शन (अनुशंसित विधि)
7.	सिंचाई	अनिश्चित समय पर	दो सिंचाइयां - पहली पुष्प निकलना आरंभ होने पर और दूसरी फली बनने के समय वांछित होती हैं
8.	पोषक तत्व प्रबंधन	किसी पोषक तत्व का इस्तेमाल नहीं होता है	$N:P_2O_5:K_2O$ =20-10-0
9.	नाशकजीव और रोग नियंत्रण	कवकनाशियों का उपयोग नियमित रूप से नहीं होता है, यह सीमित है और कीटनाशियों की आवश्यकता से अधिक खुराक दी जाती है	फाइलोडी: रोगी पौधों को छांट कर निकाल देना; अंतरफसलन का उपयोग, तिल + अरहर (1:1); मिट्टी में 5 कि.ग्रा./है. की दर से फोरेट 10 जी का उपयोग

अनुशंसित किस्में (खेती की अनुशंसित विधियां) अपनाने से प्रक्षेत्र प्रदर्शनों में तुलनीय (किसानों की विधियों) की अपेक्षा उपज में औसतन 22.8 प्रतिशत की वृद्धि रिकॉर्ड की गई। उन्नत किस्मों प्रगति और टीकेजी22 के साथ उर्वरक उपयोग करने के प्राचल के अंतर्गत क्रमशः 243.6 कि.ग्रा./है. तथा 256 कि. ग्रा./है. की सर्वोच्च उपज रिकॉर्ड की गई। किसान इस तथ्य से संतुष्ट थे कि समय पर बुवाई करने से तिल की उपज में और अधिक वृद्धि हो सकती है। कुल मिलाकर भा.कृ.अ.प.-तिल और रामतिल पर एआईसीआरपी व भा.कृ.अ.प.-जेएनकेवीवी, जबलपुर और भा.कृ.अ.प.-आईआईओआर से प्राप्त तिल की किस्मों से स्थानीय किस्मों की तुलना में अधिक उत्पादन और निवल लाभ प्राप्त हुआ।

7.2.3 चना पर प्रक्षेत्र प्रदर्शन (भा.कृ.अ.प.-चना पर एआईसीआरपी)

भा.कृ.अ.प.-चना पर एआईसीआरपी तथा भा. कृ.अ.प.-आईआईपीआर, कानपुर के साथ सम्मिलित प्रयास के रूप में विश्वविद्यालय ने चने की उन्नत किस्म उज्ज्वल का उपयोग करते हुए किसानों के खेतों में चने की खेती की उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन एवं हस्तांतरण के लिए पांच अग्र पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए। ये प्रदर्शन चने की खेती की विद्यमान विधियों की तुलना में चना उत्पादन की उन्नत प्रौद्योगिकी के घटकों के मूल्यांकन के लिए

चना पर अग्र पंक्ति प्रदर्शन के घटक

क्र.सं.	विवरण	किसानों की विधि	प्रक्षेत्र प्रदर्शन (अनुशंसित विधि)
1.	किस्म	अ-अनुशंसित/अनुशंसित लेकिन पुरानी	उज्ज्वल
2.	बुवाई की तिथि	मध्य नवम्बर	अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से नवम्बर का पहला सप्ताह
3.	अंतराल	कतार से कतार के बीच - 30 सें.मी., अनियमित पादप संख्या	कतार से कतार के बीच - 45 सें.मी., पौधे से पौधे के बीच - 10 सें.मी.
4.	बीज दर	80-100 कि.ग्रा./है.	पौधों की वांछित संख्या प्राप्त करने के लिए 65 कि.ग्रा./है. की बीज दर पर्याप्त

5.	बीजोपचार	अधिकांशत: अनुपचारित बीज बोए जाते हैं	बीजों को ट्राइकोडर्मा (6 ग्रा./कि.ग्रा.) और विटावैक्स (कार्बोक्सिन) (1 ग्रा./कि.ग्रा.) के साथ 4-5 घंटे तक पानी में डुबोकर रखते हुए, राइज़ोबियम के एक पैकेट के साथ उपचारित करके बोया जाता है
6.	खरपतवार प्रबंधन	यंत्र द्वारा	1-1.25 सक्रिय तत्व कि.ग्रा./है. की दर से अंकुरण के पूर्व शाकनाशी पेंडीमेथालिन का छिड़काव; हाथ से एक निराई-गुड़ाई, यदि आवश्यक हो
7.	सिंचाई	अनियमित समय पर	दो सिंचाइयां - पहली प्रथम शाखा निकलने पर (25-30 दिन बाद) और दूसरी कलिका निर्माण के दौरान
8.	पोषक तत्व प्रबंधन	60-70 कि.ग्रा./है. डीएपी, एसएसपी, जिप्सम और ZnSO4 का कोई उपयोग नहीं	88 कि.ग्रा. डीएपी ($N:P2O_0:K_2O = 20:40:20$) और 20 कि.ग्रा. S तथा 20 कि.ग्रा. Zn/है., गोबर की खाद- 5 टन/है.
9.	नाशकजीव एवं रोग नियंत्रण	कीटनाशियों का अधिक मात्रा में व अनियमित उपयोग, कवकनाशियों का सीमित उपयोग	500 मि.लि./है. की दर से इंडोक्सेकॉर्ब का छिड़काव, एक हैक्टर क्षेत्र में 5-6 फीरोमोन फंदों को लगाना

किए गए। एक सर्वेक्षण के आधार पर ये प्रदर्शन रबी मौसम के दौरान बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी जिले के बदगांव ब्लॉक के जौरी बुजुर्ग गांव तथा दतिया जिले के दतिया ब्लॉक के कमरारी गांव में आयोजित किए गए (सारणी)।

प्रौद्योगिकियों के उन्नत पैकेज के अनुप्रयोग से किसानों को चने की उच्च उपज लेने के लिए एक विकल्प उपलब्ध हुआ है। काबुली चने की उज्ज्वल किस्म से किसानों द्वारा उगाई जाने वाली स्थानीय देसी किस्म की तुलना में 30-35 प्रतिशत अधिक बाजार मूल्य प्राप्त होता है। इस उन्नत प्रौद्योगिकी से बीज छिड़काव की परंपरागत विधि की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत बीज की बचत होती है, पौधों की संख्या उपयुक्तम रहती है, 16-26 प्रतिशत उच्चतर उपज लाभ व आर्थिक लाभ (सकल, निवल और लाभ:लागत अनुपात) होता है। इसके लिए बीज



परंपरागत विधियों की तुलना में प्रक्षेत्र प्रदर्शनों में रिकॉर्ड की गई चने की उपज

प्रक्षेत्र प्रदर्शनों के दौरान बीजों का वितरण

रोपक यंत्र से कतार में बुवाई की जानी चाहिए। प्रक्षेत्र प्रदर्शनों में 19.69 क्विंटल/है. की औसत उपज रिकॉर्ड की गई जबकि उज्ज्वल किस्म से 22.2 क्विंटल/है. की सर्वोच्च उपज रिकॉर्ड की गई।

उपज निष्पादन तथा इससे संबंधित आर्थिक संकेतों से यह स्पष्ट हुआ है कि प्रक्षेत्र प्रदर्शनों में प्रदर्शन प्लाट के अंतर्गत सभी फसलों की उपज पर्याप्त रूप से उच्च होती है। यह निष्कर्ष भी निकाला गया कि तिलहनों और दलहनों की खेती की नवीनतम प्रौद्योगिकियों के उपयोग से उपज में काफी वृद्धि हो सकती है और किसानों की आमदनी में भी पर्याप्त वृद्धि हो सकती है।

8. बुनियादी ढांचे का विकास

8.1 फसल कैफेटेरिया और कृषि फार्म का विकास

विश्वविद्यालय ने फसलोत्पादन के सिद्धांत को व्यवहार में परिवर्तित करने तथा खेती के वास्तविक पर्यावरण में निर्णय लेने व छात्रों में कृषि के क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल का संचार करने के लिए फसल कैफेटेरिया (2017-18) विकसित किया है। इस कैफेटेरिया में विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थाओं तथा विश्वविद्यालयों से एकत्र किए गए बीजों का उपयोग करके तथा सस्यविज्ञानी/पादप सुरक्षा की उचित विधियां अपनाकर फसलों की विभिन्न जातियों व किस्मों को उगाया गया है। वर्ष के दौरान प्रदर्शन खंडों में अनेक परंपरागत प्रक्षेत्र फसलें जैसे गेहूं, जौ, जई, तोरिया और सरसों की विभिन्न जातियां; अलसी, सूरजमुखी, कुसुम, चना, मसूर, दाल मटर, आलू, बरसीम, मूंग, उड़द, मक्का आदि उगाई गई हैं, ताकि बुंदेलखंड क्षेत्र में उपयुक्ततम उपज क्षमता प्राप्त करने के लिए खेती की उन्नत विधियों के उपयुक्त पैकेज का मानकीकरण किया जा सके।

क्र.सं.	फसलें	मौसम
1.	तोरिया	रबी
2.	सरसों	रबी
3.	गेहूं	रबी
4.	चना	रबी
5.	मटर	रबी
6.	अलसी	रबी
7.	आलू	रबी
8.	मसूर	रबी
9.	सूरजमुखी	रबी
10.	कुसुम	रबी

फसल कैफेटेरिया की झलकियां

क्र.सं.	फसलें	मौसम
11.	जौ	रबी
12.	जई	रबी
13.	बरसीम	रबी
14.	गन्ना	रबी
15.	धाान	खरीफ
16.	मक्का	खरीफ
17.	मूंग	खरीफ
18.	उड़द	खरीफ
19.	सोयाबीन	खरीफ
20.	मूंगफली	खरीफ
21.	अरहर	खरीफ
22.	कंगनी	खरीफ
23.	रागी	खरीफ
24.	सावां	खरीफ
25.	बाजरा	खरीफ
26.	तिल	खरीफ

8.2 सब्जी उत्पादन एवं प्रदर्शनी इकाई का विकास

- छात्रों तथा किसानों को बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए उपयुक्त विभिन्न सब्जियों के उत्पादन की सम्पूर्ण प्रौद्योगिकी पैकेज के प्रदर्शन के लिए अनुदेशात्मक इकाई तथा नई प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रचार व प्रसार के लिए प्रभावी विधि

सब्जी कैफेटैरिया की झलकियां

क्र.सं.	सब्जी फसल	प्रदर्शित किस्मों की संख्या
1.	चौलाई (हरी और लाल)	05
2.	पेठा	01
3.	एस्पैरेगस	01
4.	बासेला	02
5.	चुकंदर	02
6.	करेला	03
7.	काला जीरा	01
8.	लौकी	04
9.	बैंगन	03
10.	बाकला	02
11.	ब्रोकोली	05
12.	गाजर	05
13.	ूलगोभी	03
14.	मिर्च	05
15.	अरबी	02
16.	धानिया	06
17.	लोबिया	02
18.	खीरा	03
19.	सौंफ	01
20.	मेथी	04

क्र.सं.	सब्जी फसल	प्रदर्शित किस्मों की संख्या
21.	अदरक	02
22.	ग्लोब आर्टीचोक	01
23.	इंडियन बीन	01
24.	आईवी गाउर्ड	01
25.	फूट	02
26.	भिण्डी	04
27.	प्याज	02
28.	पालक	05
29.	मटर	10
30.	परवल	01
31.	कद्दू	02
32.	मूली	04
33.	पालक	01
34.	तोरई	02
35.	स्वीट कॉर्न	02
36.	शकरकंद	01
37.	टमाटर	06
38.	हल्दी	12
39.	शलगम	04
40.	जिमीकंद	01

के रूप में विश्वविद्यालय फार्म में सब्जी उत्पादन एवं अनुसंधान की एक इकाई विकसित की गई है।

- इस फार्म में अनेक मसाला फसलें जैसे हल्दी, अदरक, मेथी और सौंफ; परंपरागत सब्जी फसलें जैसे बंदगोभी, फूलगोभी, मटर, बींस, प्याज, पत्तेदार सब्जियां, जड़ फसलें, टमाटर, बैंगन, मिर्च; कम उपयोग में लाई गई सब्जियां जैसे अरबी, जिमीकंद, आईवी गाउर्ड, परवल, बासेला और उपयोग में आने वाली कुछ सब्जियां जैसे बैंगनी ब्रोकोली, हरी ब्रोकोली, एस्पैरेगस, ग्लोब आर्टिचोके, स्वीट कॉर्न आदि उगाई जा रही हैं। मटर की आजाद पी-1 किस्म का बीजोत्पादन भी शरद मौसम के दौरान किया गया है। गुणवत्तापूर्ण उपज तथा उच्चतर उपज के लिए हल्दी में विविधता का पता लगाने के लिए प्रक्षेत्र में परीक्षण किए गए तथा प्याज (पूसा रेड किस्म) की वृद्धि और उपज पर विभिन्न प्रकार की पलवार सामग्री के प्रभाव पर भी परीक्षण किए गए।
- विश्वविद्यालय बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए उन्नत किस्मों व आशाजनक सब्जियों/संकरों की उपयुक्ततम उपज प्राप्त करने के लिए खेती की आदर्श सस्यविज्ञानी विधियों के मानकीकरण के साथ-साथ उपयुक्त किस्मों के चयन पर भी कार्य कर रहा है। सब्जी फसलों की परिशुद्ध खेती की विधियों, जैविक खेती, जननद्रव्य संकलन, मूल्यवर्धन एवं सस्योत्तर प्रबंध की विधियों पर विशेष बल दिया गया है।
- छात्रों, किसानों, आगंतुकों तथा सब्जी क्षेत्र के अन्य हितधारकों के समक्ष सब्जी फसलों के उत्पादन संबंधी अनुसंधान प्रदर्शन हेतु लगभग 7000 मी.^{2} क्षेत्र में विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं उत्पादन फार्म स्थापित किया गया है। यहां सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र द्वारा विकसित निम्न सब्जियों की उन्नत तथा लोकप्रिय किस्मों का प्रदर्शन खेती की वैज्ञानिक विधियों के अनुशंसित पैकेज के साथ किया जा रहा है।

8.3 फल उद्यान की स्थापना

बुंदेलखंड क्षेत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र गंगा-यमुना के मैदान से नीचे और उत्तर में असमतल विंध्य पर्वत श्रृंखला के साथ उत्तर-पश्चिम से लेकर दक्षिण तक फैला हुआ है। यहां की मिट्टी काली तथा लाल-पीली मिट्टियों का मिश्रण है जिसमें जैविक पोषक तत्वों की कमी है तथा यहां की जलवायु

डॉ. टी. महापात्र, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. द्वारा फल उद्यान का उद्घाटन

फल उद्यान में उपलब्ध जननद्रव्य

क्र. सं.	फसलों का नाम	किस्मों का नाम	क्र. सं.	फसलों का नाम	किस्मों का नाम
1.	आंवला	चक्कया, एनए-6, एनए-7, एनए-10	17.	खिरनी	लोकल
2.	बेल	गोमा याशी, एनबी-एस-1, एस-2, एनबी-5, एनबी-7	18.	लासोडा	जबलपुर लोकल
3.	बेर	एनबी-एस-2, एनबी-एस-1, गोला, बीएयू-1	19.	नींबू	पंजाब गलगल, कागजी कलां
4.	कैरमबोला	थाईलैंड	20.	गलगल	पूसा अविनभ, पूसा उदित, एनआरसीसी-8, कागजी लाइम
5.	काजू	बीपीपी-8, मेदनाप्योर लोकल	21.	लीची	रोज़ सैंटेड, बॉम्बे-एस-1
6.	चेरी	ट्रॉपिकल चेरी	22.	महुआ	लोकल
7.	चिरौंजी	लोकल	23.	किन्नो	डब्ल्यू मरकॉट, डेज़ी, किन्नो, एनआरसीसी-4
8.	शरीफा	एनएमके-1, अन्नोना-2, बालानगर	24.	आम	मल्लिका, आम्रपाली, अरूणिका, चौंसा, दशहरी, लंगड़ा, राजापुरी, अरूणिमा, पूसा प्रतीवा, केसर
9.	खजूर	टिश्यू कल्चर	25.	फालसा	थार प्रगति
10.	अंजीर	डायना	26.	अनन्नास	मौरीशस
11.	ग्रेपफूट	मार्श सीडलैस, रेड ब्लश, फ्लेम ग्रेप फूट	27.	अनार	अर्कता, भगवा, सुपर भगवा, गणेण, जी-137, जालौर सीडलैस, रूबी, मृदुला
12.	अमरूद	धावल, स्वेता, ललित, एल-49, इलाहाबाद स्फेदा, थाइलैंड	28.	प्यूमेलो	यूएस-145
13.	होग पोंग	थाइलैंड	29.	चीकू	काली पट्टी, क्रिकेट बाल
14.	कटहल	लोकल	30.	मौसम्बी	पूसा राउंड, पूसा शरद, मोसम्बी, सतगुड़ी
15.	जामुन	गोमा प्रियंका, एनजे-6, एनजे-7, जे-42, जे-37	31.	इमली	गोमा प्रतीक
16.	करौंदा	थार कोमल	32.	बेल	लोकल

गर्म और अर्ध-आर्द्र है। इन क्षेत्रों में 700-900 मि. मी. वार्षिक वर्षा होती है तथा इस क्षेत्र की विशेषता कम तथा अनिश्चित वर्षा और अत्यंत निम्न सापेक्ष आर्द्रता के साथ-साथ तापमान में अत्यधिक विविधता (5 से 48^0 से.) है। अत: यह क्षेत्र अत्यधिक कठिन पर्यावरणीय बाधाओं वाला है जिसके कारण यहां परंपरागत फसलों की खेती लाभप्रद नहीं है। इस क्षेत्र की उपरोक्त जलवायु संबंधी दशाओं में यहां विभिन्न प्रकार के फलों की वाणिज्यिक खेती की अपार संभावना है। फल विटामिनों, खनिजों, प्रति-ऑक्सीकारकों तथा अन्य औषधीय गुणों से युक्त होते हैं। ये न केवल उत्पादकों को स्थिर आमदनी उपलब्ध कराते हैं, बल्कि मौसम की कठिन तथा प्रतिकूल दशाओं को भी सहने में सक्षम होते हैं। ऐसी स्थिति के अंतर्गत इस क्षेत्र के किसान समुदाय के सकल विकास और कल्याण के लिए फलों पर आधारित उत्पादन प्रणालियां अपनाना एक आदर्श कार्यनीति माना जा सकता है। शिक्षा के उद्देश्य से

लासौड़ा (कोर्डिया डाइकोटोमा)

अंजीर (फाइकस कैरिका)

बेल (एइग्ले मार्मेलॉस)

अनन्नास (एनानास कोमोसस)

विश्वविद्यालय फार्म में पिछले वर्ष विभिन्न प्रकार के फलों का उद्यान विकसित किया गया ताकि बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए उपयुक्त फल फसलों की विभिन्न किस्मों का छात्रों के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए एक प्रभावी उपाय के रूप में प्रौद्योगिकी तथा अनुदेशात्मक इकाई विकसित की जा सके और उससे प्रौद्योगिकी का तेजी से प्रचार-प्रसार करना संभव हो।

पिछले वर्ष से इस इकाई में अनेक उष्णकटिबंधी तथा उपोष्ण फल जैसे आम, आंवला, बेर, अनार, अमरूद, जामुन, नींबूवर्गीय जातियां (किन्नो, मौसम्बी, ग्रेपफूट, प्यूमेले, गलगल और नींबू), अंजीर, शरीफा, कटहल, लीची, चीकू, खिरनी, खजूर, महुआ, लासोड़ा, वुड एप्पल, बेल, काजू, हॉग पाम, उष्णकटिबंधी चेरी, चिरौंजी, इमली, महुआ, फालसा, करौंदा, कैरमबोला, अनन्नास आदि उगाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए फलों की आशाजनक फसलों की उन्नत किस्मों की उपयुक्त उपज प्राप्त करने के लिए विभिन्न रोपण प्रणालियों तथा निराई-गुड़ाई संबंधी अन्य कार्यों के मानकीकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। खेती की श्रेष्ठ विधियों के विकास, जननद्रव्य संकलन और मूल्यवर्धन पर भी विशेष बल दिया गया है।

- **अमरूद के उच्च घनत्व वाले उद्यान की स्थापना**

अमरूद ऐसा फल है जो विभिन्न प्रकार की जलवायु तथा मिट्टी संबंधी स्थितियों के प्रति अपने को ढाल सकता है। तथापि, इसका सबसे अच्छा निष्पादन उपोष्ण दशाओं के अंतर्गत होता है। बुंदेलखंड क्षेत्र की जलवायु संबंधी दशाएं, मृदा का प्रकार तथा अन्य कारक अमरूद की खेती के लिए आदर्श हैं। विश्वविद्यालय ने भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ से अमरूद की आशाजनक किस्मों जैसे इलाहाबाद सफेदा, धावल, ललित, एल-49 (सरदार) और श्वेता की किस्में रोपण सामग्री के रूप

में एकत्र की हैं और उन्हें जुलाई 2017 के अंतिम सप्ताह में रोपा है ताकि अमरूद का उच्च घनत्व का उद्यान स्थापित किया जा सके।

- **अनार उद्यान की स्थापना**

अनार अपने को व्यापक श्रेणी की जलवायु तथा मृदा की दशाओं के अनुसार ढाल सकता है। तथापि, यह अर्ध शुष्क तथा शुष्क दशाओं के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ निष्पादन देता है। बुंदेलखंड क्षेत्र में जलवायु संबंधी दशाएं, मृदा के प्रकार तथा अन्य कारक अनार की खेती के लिए आदर्श हैं। रोपण सामग्री भा.कृ.अ.प. -राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केन्द्र, सोलापुर, महाराष्ट्र से एकत्र की गई। इस सामग्री में अर्कता, भगवा, सुपर भगवा, गणेश, जी-137, जालौर सीडलैस, रूबी और मृदुला किस्में शामिल हैं। रोपाई की दूरी के अंतर्गत पौधे से पौधे के बीच 3 मी. तथा कतार से कतार के बीच 4 मी. का अंतराल रखा गया तथा रोपाई अगस्त-सितम्बर 2017 के दौरान की गई।

प्रदर्शन खंड, उच्च घनत्व उद्यान तथा अनार उद्यान विश्वविद्यालय फल अनुसंधान केन्द्र में लगभग 1.5 हैक्टर क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं, ताकि छात्रों, किसानों, आगंतुकों तथा फल क्षेत्र के अन्य हितधारकों के समक्ष फल फसलों की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जा सके। इस ब्लॉक में भा.कृ.अ.प. के अनुसंधान संस्थान, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा अन्य अनुसंधान संस्थानों द्वारा विकसित निम्नलिखित फलों की लोकप्रिय तथा उन्नत किस्मों का प्रदर्शन खेती की अनुशंसित वैज्ञानिक विधियों के पैकेज के साथ किया गया है।

8.4 खुम्बी उत्पादन इकाई की स्थापना

विश्वविद्यालय परिसर में खुम्बी उत्पादन इकाई स्थापित की गई जहां बुंदेलखंड क्षेत्र में खुम्बी की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां जैसे कल्चर संकलन तथा इसके रखरखाव, खुम्बी बीज तैयार करने, कम्पोस्ट तथा खांचों में मृदा तैयार करने और ओइस्टर व बटन खुम्बी के उत्पादन जैसे कार्यों का परीक्षण के आधार पर मानकीकरण किया गया। प्लूरोटस की चार जातियों नामतः *प्लूरोटस सेजोर-काजू, प्लोरोटस फ्लोरिडा, प्लूरोटस ओस्ट्रीएटस, प्लोरोटस एयूस* और *एगेरिकस बाइस्पोरस* के दो प्रभेदों का अनुरक्षण किया जा रहा है। कम्पोस्ट को लम्बी विधि से तैयार किया गया जिसमें सामग्री को आठ बार पलटा गया, जिसके पश्चात् 0.75 प्रतिशत की दर से खुम्बी बीज सामग्री मिलाई गई और फिर इसे 10 कि.ग्रा. क्षमता के पॉलीइथिलीन के थैलों में भर दिया गया। इस आकृति के आरंभ होने के पांच दिन बाद पिन के शीर्ष जैसी आकृतियां उपजशील खुम्बियों में विकसित हो गई। ओयस्टर उत्पादन के लिए गेहूं के भूसे को रासायनिक रूप से निर्जर्मीकृत

तुड़ाई के लिए तैयार एगेरिकस बाइस्पोरस की फलन कायाएं

प्लूरोटस ओस्ट्रिएटस की फलन कायाए

प्लूरोटस एओअस की फलन कायाएं

किया गया तथा सुखाकर उसमें 60 प्रतिशत नमी बनाई गई। इसके पश्चात् 3.0 प्रतिशत की दर से खुम्बी बीज डालते हुए सामग्री को 5 कि.ग्रा. क्षमता के थैलों में पैकबंद किया गया। पिन के शीर्ष जैसी आकृतियों की शुरूआत खुम्बी बीज डालने के कुछ समय बाद हुई और ये उपज योग्य फल काया में परिवर्तित हो गई।

8.5 औषधीय तथा सगंधीय उद्यान की स्थापना

- विश्वविद्यालय परिसर में 0.81 है. क्षेत्र में औषधीय एवं सगंधीय उद्यान स्थापित और विकसित किया गया। इस उद्यान में साठ महत्वपूर्ण मसाले जैसे *टेरेकॉर्पस सेंटानीलस, एलेयोकॉर्पस गैनिट्रस, ऑसिमम* जातियां, *जस्टिका एधाटोडा, ब्रायोफिलम पिन्नेटम,* आदि मौजूद हैं। यह जननद्रव्य जेएनकेवीवी, जबलपुर; एनडीएयूटी, फैजाबाद; डीएमपीएआर, आनंद और डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन से एकत्र किया गया है।
- विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न वन वृक्ष प्रजातियों जैसे सागौन, सिरस, बहेड़ा, बबूल, सीसम और नीम की वन पौधशाला विकसित की गई है।

डॉ. टी. महापात्र, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. द्वारा औषधीय एवं संगधीय उद्यान का उद्घाटन

औषधीय एवं सगंधीय उद्यान में मौजूद औषधीय पौधों की सूची

क्र.सं.	स्थानीय नाम	वानस्पतिक नाम	कुल
1.	रामा तुलसी	ओसिमम सेंटम	लीमिएसी
2.	पामरोज़ा	किम्बोपोगान मार्टिनी	पोएसी
4.	अदुल्सा	जस्टिका एधाटोडा	एकेन्थेसी
5.	अजूबा	ब्रायोफिलम पिन्नेटम	क्रैसुलेसी
6.	शतावरी	एस्पैरेगस रेसेमोसस	लिलीएसी
7.	धृतकुमारी	एलो बार्बाडेंसिस	एस्फोडिलेसी
8.	पुदीना	मेंथा एर्वेन्सिस	लैबिएटी
9.	पीला भृंगराज	एक्लिप्टा प्रोस्ट्रेट	एस्ट्रेसी
10.	गुरमार	गायनेमा सिल्वेस्टे	एस्क्लेपीएडेसी
11.	वज्रदंती	बार्लेरिया प्रियोनिटिस	एकेंथेसी
12.	सर्पगंधा	राउवोल्फिया सर्पेन्टिना	फैबिकेसी
13.	अनंतमूल	टाइलोफोरा इंडिका	एस्क्लेपियाडेसी
14.	चित्रक	प्लमबेगो ओरिकुलेटा	प्लम्बागिनेसी
15.	हदजोद	सिसस क्वाड्रेंगुलेरिस	विटेसी
16.	लागुम बेला	जैस्मिनम साम्बैक	ओलिएसी
17.	पारिजात	निक्टेंथस आर्बोर - ट्रिस्टिस	ओलिएसी
18.	कटाकटाका	ब्रायोफिलम पिन्नेटम	क्रेसुलेसी
19.	इलायची घास	इलेटेरिया कार्डामोमम	जिंजिबरेसी
20.	गुग्गल	कैमीफोरा विघटी	बर्सेरेसी
21.	नींबू घास	सिम्बोपोगान सिट्रेटस	पोएसी
22.	केवड़ा	पेंडानस टैक्टोरियस	पेंडानेसी
23.	निरगुंडी	विटेक्स नेगुंडो	लैमीऐसी
24.	करौंदा	कैरिसा कैरेंडस	एपोसाइनेसी
25.	ब्रह्मी	बैकोपा मोनिऐरी	प्लांटागिनेसी
26.	गुग्गुल	कोमीफोरा विघटी	बर्सेरासी
27.	कालमेघ	एंड्रोग्रैफिस पैनिकुलेटा	एकेंथेसी
28.	जंगली प्याज	एर्जेनिया इंडिका	लिलीएसी

क्र.सं.	स्थानीय नाम	वानस्पतिक नाम	कुल
29.	लाजवंती	मिमोसा प्यूडिका	फैबेसी
30.	बकुची	सोराली कोरिलीफोलिया	फैबेसी
31.	कपूर तुल्सी	ओसिमम किलिमैंडोस्केइकम	लैमिएसी
32.	अपराजिता	क्लिटोरिया टर्नाटी	फैबेसी
33.	आजवायन	ट्रैकीस्पर्मम एम्नी	एपिएसी
34.	सिट्रोनेला	सिम्बोपोगान विंटेरीएनस	पोएसी
35.	कांघी	एब्यूटिलोन इंडिकम	माल्वेसी
36.	दम्बुती	टाइलोफोरा इंडिका	एस्क्लेपियाडेसी
37.	चमेली	जैस्मिनियम सैम्बेक	ओलिएसी
38.	लैवेंडर	लैवेंडुला ओफिनेलिस	लैमिनेसी
39.	लाजवंती	मिमोसा प्यूडिका	
40.	हदजोड़	साइकस क्वाड्रेंगुलेरिस	विटेसी
41.	इंडियन लॉन्ग पेपर	पाइपर लोंगम	पाइपेरेसी
42.	सदाबहार	कैंथारेंथस रोज़ियस	एपोसाइनेसी
43.	गुड़मार, गुरमार	जिम्नेमा सिल्वेस्ट्रे	एपोसाइनेसी
44.	गिलोय	टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया	मेनिस्पर्मेसी
45.	स्टेविया	स्टेविकया रेबायूडियाना	एस्ट्रेसी
46.	रुद्राक्ष	एलोएकार्पस गैनिट्रस	एलियोकार्पेसी
47.	रक्त चंदन	टेरोकार्पस सेंटालिनस	फैबिएसी
48.	बहेड़ा	टर्मिनेलिया बेलिरिका	काम्ब्रेटेसी
49.	बादाम	प्रूनस डल्किस	रोजेसी
50.	बकैन	मेलिया एज़ाडेरेक	मेलिएसी
51.	हरड़	टर्मिनेललिया चुबुला	काम्ब्रेटेसी
52.	मधुकामनी	मुर्राया पैनिकुलेटा	रूटेसी
53.	नीम	एज़ाडिरेक्टा इंडिका	मेलिएसी
54.	लासोड़ा, लासौड़ा	कॉर्डिया डाइकोटामा	बोरागिन्नेसी
55.	मीठा नीम	मुराया कोइनिगी	रूटेसी
56.	सतपारणी	एल्सटोनिया स्कोलेरिस	एपोसाइनेसी

क्र.सं.	स्थानीय नाम	वानस्पतिक नाम	कुल
57.	शहतूत/व्हाइट मल्बेरी	मोरस एल्बा	मोरेसी
58.	शिकाकाई	एकेसिया कोंकिना	मिमोसेसी
59.	अर्जुन	टर्मिनेलिया अर्जुना	काम्ब्रेटेसी
60.	खेजड़ी	प्रोसोपिस सिनरेरिया	मिमोसेसी

8.6 प्रयोगशालाओं की स्थापना

विश्वविद्यालय ने बागवानी, मृदा विज्ञान एवं सस्यविज्ञान, आनुवंशिकी, जैवप्रौद्योगिकी, कार्यिकी एवं जैव रसायन विज्ञान, पादप रोगविज्ञान एवं वानिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता युक्त प्रयोगशालाओं को सबल बनाया है ताकि प्रयोगात्मक अभिमुख गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तात्कालिक प्रशिक्षण प्रदान किए जा सकें। विश्वविद्यालय की पादप रोगविज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन डॉ. टी. महापात्र, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. ने 31 जुलाई 2017 को किया।

डॉ. टी. महापात्र, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. द्वारा पादप रोगविज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

8.7 शैक्षणिक तथा प्रशासनिक भवनों का निर्माण

विश्वविद्यालय की निर्माण एजेंसी एनबीसीसी ने शैक्षणिक खण्ड, प्रशासनिक खण्ड, कुलपति निवास तथा बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य जोर-शोर से आरंभ कर दिया है। शैक्षणिक खण्ड, प्रशासनिक खण्ड, कुलपति निवास तथा बालिका छात्रावास का निर्माण लगभग 15209 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया जा रहा है। छात्रावास खण्ड में 200 छात्रों के रहने की सुविधा उपलब्ध होगी। एनबीसीसी को टाइप VI और टाइप IV निवासों के निर्माण का कार्य भी सौंप दिया गया है।

9. वित्त एवं बजट

विश्वविद्यालय को अपने क्रियाकलाप सम्पन्न करने के लिए कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि एवं

निर्माण कार्य की झलकियां

किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से निधियां प्राप्त होती हैं। शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के दौरान विश्वविद्यालय को मात्र 33.50 करोड़ रुपये का बजट आबंटित हुआ था। 31 मार्च 2018 को तुलन-पत्र तथा 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय तथा व्यय लेखे का विवरण अनुबंध-VI और VII में दिया गया है।

10. अन्य प्रमुख गतिविधियां/कार्यक्रम

10.1 स्वतंत्रता दिवस समारोह

भारत के 71वें स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया तथा संकाय सदस्यों, स्टाफ और छात्रों को सम्बोधित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को अपने शुभकामनाएं दीं तथा आने वाले वर्षों में प्रगति की नई ऊंचाइयां छूने की कामना व्यक्त की। उन्होंने नई पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि उसे उन असंख्य लोगों के बलिदानों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने स्वराज प्राप्त करने के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। उन्होंने याद दिलाया कि विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है तथा हमारी सांस्कृतिक परंपरा दूसरों का आदर करने की रही है जो भारतीय सभ्यता में प्राचीन काल से चली आ रही है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद से अब तक कृषि में हुई प्रगति का सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। भारतीय कृषि जिसकी स्वतंत्रता के पूर्व 50 वर्षों के दौरान मात्र एक प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हो रही थी, वह स्वतंत्रता के बाद के युग में लगभग 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। 50 और 60 के दशक में वृद्धि का मुख्य स्रोत खेती के क्षेत्र में होने वाला विस्तार था। उसके पश्चात् कृषि उत्पादन में भूमि क्षेत्र के योगदान में समय के साथ कमी आई तथा उत्पादकता में वृद्धि कृषि उत्पादन में वृद्धि का मुख्य स्रोत हो गई। उन्होंने आयातित खाद्यान्न पर देश की निर्भरता को समाप्त करने के लिए किसानों, भारत सरकार तथा वैज्ञानिकों के सम्मिलित प्रयासों की सराहना की। प्रति हैक्टर उपज बढ़ाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रयोग से हरित क्रांति आई तथा टिकाऊ खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित हुई। उन्होंने किसानों को बधाई दी कि निरंतर पड़ने वाले सूखों से हतोत्साहित होने के बावजूद भी दालों के उत्पादन में 1.5 गुनी वृद्धि हुई है। हमारे वैज्ञानिकों ने कृषि निर्गम को सर्वोच्चता प्रदान करने के लिए सैकड़ों उच्च उपजशील किस्मों के बीज तैयार किए हैं। उर्वरकों की कमी जो पूर्व में एक दु:स्वप्न थी, अब समाप्त हो गई है। यह हमारी सरकार की दूरगामी नीतियों के कारण संभव हुआ है। उन्होंने स्टाफ सदस्यों तथा छात्रों को सम्बद्ध क्षेत्रों में कौशल प्राप्त करने तथा वैश्विक मानकों के स्तर तक पहुंचने का आह्वान किया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमोद कुमारी राजपूत, सदस्य, विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल ने भी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को श्रद्धांजलि देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

10.2 संकल्प से सिद्धि तक

- रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता के 70 वर्ष और भारत छोड़ों आंदोलन के 75 वर्ष होने पर 9 अगस्त 2017 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों ने इस अवसर पर 'नए भारत के संकल्प' की शपथ ग्रहण की।

10.3 सद्भावना दिवस

- विश्वविद्यालय में 20 अगस्त 2017 को **सद्भावना दिवस** मनाया गया तथा विश्वविद्यालय के सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने सद्भावना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण की।

सद्भावना दिवस पर विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और स्टाफ

के दौरान अनेक गतिविधियां चलाई गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए सेवा दिवस मनाया गया; भोजला गांव में श्रमदान के द्वारा समग्र स्वच्छता दिवस आयोजित किया गया; झांसी में पर्यटक स्थलों की सफाई में भाग लिया गया और अंत में छात्रों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के स्टाफ तथा छात्रों ने पर्यावरण तथा स्वास्थ्य लाभ के लिए स्वच्छता की शपथ ली।

10.4 हिन्दी चेतना पखवाड़ा

भारत सरकार की राजभाषा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में 14 सितम्बर 2017 से 30 सितम्बर 2017 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवधि के दौरान छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों, दोनों के लिए प्रश्न-मंच/सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, काव्य-पाठ प्रतियोगिता आदि जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति तथा मुख्य अतिथि डॉ. अरविन्द कुमार ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

10.5 स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 17 सितम्बर 2017 से 2 अक्तूबर 2017 के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वच्छ भारत अभियान को रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर के प्रत्येक सदस्य का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ है। परिषद द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान

10.6 राष्ट्रीय एकता दिवस

यह कार्यक्रम 31 अक्तूबर 2017 को आयोजित हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में 'एकता के लिए दौड़' का आयोजन भी हुआ। छात्रों को खेल-कूद संबंधी विभिन्न गतिविधियों में प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय में बैडमिंटन टूर्नामेंट का भी आयोजन हुआ।

10.7 कृषि शिक्षा दिवस

भारत के प्रथम केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष में 3 दिसम्बर 2017 को **कृषि शिक्षा दिवस** का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यालय के छात्रों को कृषि के विभिन्न पहलुओं तथा देश के विकास में इसकी प्रासंगिकता से अवगत कराकर, उन्हें कृषि की ओर आकर्षित करना था, ताकि उनकी कृषि और सम्बद्ध विषयों में रुचि विकसित हो सके और विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे अपना व्यवसाय चुनने के लिए कृषि संबंधी पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकें अथवा स्वयं को कृषि तथा सम्बद्ध गतिविधियों में रत रह कर भविष्य में कृषि उद्यमी बन सकें। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने छात्रों को स्वतंत्रता के पश्चात् कृषि शिक्षा के प्रसार के लिए कृषि क्षेत्र में हुए विकास तथा कृषि की भावी संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री अजय सोनी, बैंक प्रबंधक, नाबार्ड, झांसी ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए नाबार्ड द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

10.8 मृदा स्वास्थ्य दिवस

दिनांक 5 दिसम्बर 2017 को **मृदा स्वास्थ्य दिवस** मनाया गया। इस अवसर पर 60 से अधिक किसानों को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें मिट्टी स्वास्थ्य के महत्व तथा इसका पोषक तत्वों के उपयोग सीमा एवं फसलों के उत्पादन व उपज पर पड़ने वाले प्रभावों से भी अवगत कराया गया। वक्ताओं ने भारत को खाद्यान्न की दृष्टि से सुरक्षित बनाने और फार्म निर्गम में विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए किसानों, नीति-निर्माताओं तथा वैज्ञानिकों को बधाई दी।

10.9 गणतंत्र दिवस समारोह

वर्ष 1950 में देश का संविधान अपनाए जाने की वर्षगांठ मनाते हुए विश्वविद्यालय द्वारा **69वां गणतंत्र दिवस** मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् माननीय कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार ने उन घटनाओं की याद दिलाई जिनके परिणामस्वरूप स्वतंत्रता के पश्चात् कृषि में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की सदस्य श्रीमती प्रमोद कुमारी राजपूत ने सम्माननीय अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेल-कूद संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

10.10 अखिल भारतीय अंतर-कृषि विश्वविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के छात्रों ने 30 जनवरी 2018 से 3 फरवरी 2018 तक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बंगलुरू द्वारा

मृदा स्वास्थ्य दिवस

खेलकूद प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय का दल

जीकेवीके, बंगलुरू परिसर में आयोजित कृषि-खेलकूद प्रतियोगिता 2017-18 में भाग लिया। विश्वविद्यालय ने खेलकूदों के क्षेत्र में छात्रें की अंतरनिहित क्षमता के प्रदर्शन के लिए दूसरी बार इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. ए.एस. काले और डॉ. प्रियंका शर्मा दल प्रबंधक सहित 21 सदस्यों के एक दल ने इस प्रतियोगिता में भागेदारी की। कृषि, पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के देशभर में फैले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की 60 टीमों ने इस आयोजन में भाग लिया।

10.11 एग्री यूनिफेस्ट

18वां अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव, एग्री यूनिफेस्ट-2017-18 तिरुपति, आंध्र प्रदेश में 12-16 फरवरी 2018 को आयोजित किया गया। इस उत्सव से कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों को लोकनृत्य, संगीत, साहित्यिक कार्यक्रमों जैसे प्रश्न-मंच, वक्तृता, वाद-विवाद, आशु भाषण, रंग-मंच तथा ललित कलाओं में अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर प्राप्त हुआ। रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के 21 छात्रों तथा दो दल प्रबंधकों ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वांग, एकांकी नाटक, आशु भाषण, समूह गान, समूह नृत्य, वाद-विवाद, रंगोली, मिट्टी के मॉडल बनाने में भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया। इस दल का नेतृत्व डॉ. शैलजा पुनेठा और डॉ. आशुतोष कुमार ने किया।

एग्री यूनिफेस्ट में भाग लेते विश्वविद्यालय के छात्र

10.12 राष्ट्रीय सेवा योजना

गणतांत्रिक जीवन तथा समाज की नि:स्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बनाए रखने के अपने प्रयास में कृषि, बागवानी तथा वानिकी के सभी पूर्व स्नातक छात्रों ने विश्वविद्यालय द्वारा आरंभ की गई राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लिया। दिनांक 16 से 22 मार्च 2018 को झांसी के भोजला ग्राम में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित किया गया। इसकी समन्वयन समिति में डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक; डॉ. उषा, कार्यक्रम समन्वयक और डॉ. ए.एस. काले, कार्यक्रम अधिकारी शामिल थे। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, कुलसचिव ने किया। विश्वविद्यालय के सभी छात्रों ने इस शिविर में भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने समाज के कल्याण व विभिन्न सामाजिक बुराइयों के बारे में चेतना लाने के साथ पर्यावरण, स्वच्छता, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे में भी जागृति लाने का प्रयत्न किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने विभिन्न प्रकार के मुद्दों जैसे वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के टिकाऊपन, मौलिक शिक्षा के महत्व, भारतीय कृषि तथा प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों की स्थिति, कृषि वित्त, मात्स्यकी विकास आदि पर प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के अतिथि व्याख्यानों का आयोजन किया। माननीय कुलपति डॉ. अरविन्द

समाज की नि:स्वार्थ सेवा की ओर

कुमार ने भी शिविर का दौरा किया तथा छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

10.13 प्रधानमंत्री द्वारा भाषण

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भा.कृ.अ.सं., पूसा, नई दिल्ली में 17 मार्च 2018 को आयोजित कृषि उन्नति मेले में दिए गए व्याख्यान का सजीव टीवी प्रसारण किया गया जिसमे झांसी के किसानों, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों व स्टाफ सदस्यों और प्रबंधन मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

10.14 विश्व वन दिवस

दिनांक 21 मार्च 2018 को विश्व वन दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. ए.के. मालवीय, सहायक वन संरक्षक ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई। भोजला ग्राम तथा विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

इसके अलावा छात्रों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक व्याख्यान तथा चार्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

10.15 विश्व पर्यावरण दिवस

विश्वभर में प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण से संबंधित सकारात्मक कार्यों का एक सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है। इस वर्ष का उद्देश्य 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' इस तथ्य को उजागर करता है कि हमारे समय की पर्यावरण से संबंधित सबसे बड़ी चुनौती–प्लास्टिक से निपटने के लिए कार्यवाही करने हेतु हम सभी को एक साथ मिलकर आगे आना होगा। विश्वविद्यालय के छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने बहेड़ा (टर्मिनेलिया बेलेरिका) के पौधों का रोपण अभियान चलाकर यह दिवस मनाया। छात्रों ने कम से कम एक वृक्ष को गोद लेने और उसकी नियमित देखभाल करने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान) ने एक व्याख्यान दिया जिसमें पर्यावरण की बढ़ती हुई चिंताओं जैसे मृदा अपरदन, पारिस्थितिकीय विविधाता के प्रबंध आदि के संदर्भ में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

10.16 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

दिनांक 21 जून 2018 को विश्वविद्यालय परिसर में चौथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह दिन उत्तरी अर्ध गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन

वृक्षारोपण अभियान–सामान्यजनों का प्रकृति से जुड़ाव

योग-सद्भावना तथा शांति की वैश्विक प्रेरणा

होता है और विश्व के अनेक भागों में इसका विशेष महत्व है। वर्ष 2018 में योग दिवस का मुख्य विषय था 'शांति के लिए योग'। विश्वविद्यालय के छात्रों, संकाय सदस्यों तथा स्टाफ ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लेते हुए इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतिभागियों को याद दिलाया गया कि योग मूलत: संस्कृत का शब्द है जिसका अर्थ 'जोड़ना' है और इसका उद्देश्य शरीर, मस्तिष्क व आत्मा को एक साथ जोड़ना है। योग को अनंत काल से सम्पूर्ण उपचार की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विधि मानते हुए इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। लंबी अवधि के दौरान इस प्राचीन विधि में अनेक परिवर्तन हुए हैं तथा अब यह आधुनिक सभ्यता की आवश्यकताओं की दृष्टि से अनुकूल बनाई गई है। इस कार्यक्रम में इस तथ्य पर भी बल दिया कि इस आधुनिक युग में जहां प्रत्येक दिन जीवन तनावपूर्ण और उत्तेजना से भरा हुआ है, योग को अपनाने से मन की शांति तथा आनंद के द्वार खुल सकते हैं। प्रतिभागियों ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए योग के प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसन, प्राणायाम तथा विश्रामदायक व्यायाम किए।

10.17 माननीय कुलाधिपति का दौरा

रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के माननीय कुलाधिपति प्रो. पंजाब सिंह ने दिनांक 11 अक्तूबर 2017 और 20 मई 2018 को दो बार, विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत कुलपति तथा प्रबंधन के सदस्यों

के साथ बैठक से की जिसके पश्चात् उन्होंने विभिन्न प्रयोगशालाओं और परिसर के फार्म का भी भ्रमण किया। भा.कृ.अ.प. के संस्थानों के वैज्ञानिकों की अतिथि संकाय सदस्य के रूप में नियुक्ति की संभावना को तलाशने के लिए भा.कृ.अ.प.-आईजीएफआरआई, भा.कृ.अ.प.-सीएएफआरआई तथा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों की छात्रों के साथ परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। अपने व्यस्त कार्यक्रम में माननीय कुलाधिपति ने एनबीसीसी के अभियंताओं से भी मुलाकात की और उन्होंने परिसर के विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा करते हुए विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया। इन परिचर्चाओं के दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास की गति पर संतोष व्यक्त किया और यह आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं अनुसंधन की गुणवत्ता, अभूतपूर्व नवीन खोजों तथा विद्वतापूर्ण कार्यों के माध्यम से निकट भविष्य में कुल मिलाकर जन-सामान्य तथा किसानों की कल्पना को साकार करेगा।

माननीय कुलाधिपति प्रो. पंजाब सिंह संकाय सदस्यों व स्टाफ के साथ परिचर्चा बैठक में

11. अतिथियों की सूची

क्र.सं.	नाम	पदनाम	तिथि
1.	डॉ. पी.एल. गौतम	कुलपति, कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश	27 जुलाई 2017
2.	डॉ. त्रिलोचन महापात्र	सचिव, डेयर और महानिदेशक, भा.कृ.अ.प.	30 जुलाई 2017
3.	डॉ. एन.एस. राठौर	उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.कृ.अ.प. और सदस्य ईएमसी व बीओएम, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017
4.	डॉ. ए.के. सिंह	पूर्व कुलपति, आरएसकेवीवी, ग्वालियर तथा सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017 4-6 फरवरी 2018 14 जून 2018
5.	डॉ. ए.के. सिक्का	पूर्व उप महानिदेशक (एनआरएम), भा.कृ.अ.प. और सदस्य, ईएमसी, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017
6.	श्री सी. राउल	सचिव, भा.कृ.अ.प. और सदस्य, बीओएम व ईएमसी, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017

क्र.सं.	नाम	पदनाम	तिथि
7.	डॉ. जे.पी. मिश्रा	परामर्शक, नीति आयोग और सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017
8.	डॉ. एस.के. मल्होत्रा	कृषि आयुक्त, कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली और सदस्य, बीओएम आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017
9.	डॉ. के.आर. धीमन	पूर्व कुलपति, डॉ. वाई.एस. परमार, बागवानी एवं वन विश्वविद्यालय तथा और सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
10.	डॉ. बी.वी. पाटिल	पूर्व कुलपति, यूएएस, रायचुर और सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
11.	श्री एन. कुमार	सदस्य, बीओएम, देवराहल्ली, डाकघर, लक्ष्मीनगर, ताल्लुक, जिला टुमकुर, कर्नाटक	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
12.	श्रीमती प्रमोद कुमारी राजपूत	सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू - झांसी	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
13.	श्री महेन्द्र प्रताप सिंह यादव	सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू - पन्ना	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
14.	श्री गोपाल दास पालिवाल	सदस्य, बीओएम, आरएलबीसीएयू - हमीरपुर	4 अगस्त 2017 14 जून 2018
15.	डॉ. मृदुला बिल्लौर	अधिष्ठाता कृषि, आरएसकेवीवी, ग्वालियर और सदस्य, बीओएम आरएलबीसीएयू	4 अगस्त 2017 06 फरवरी 2018
16.	डॉ. पंजाब सिंह	माननीय कुलाधिपति, आरएलबीसीएयू	11 अक्तूबर 2017 20 मई 2018
17.	श्री हरी शंकर	अपर जिलाधीश (नगर), झांसी	28 नवम्बर 2017
18.	डॉ. अरविन्द शुक्ला	परियोजना निदेशक, सूक्ष्म एवं द्वितीयक पोषण, आईआईएसएस, भोपाल	19 दिसम्बर 2017
19.	डॉ. बी. गंगवार	पूर्व निदेशक, आईआईएफएसआर, मोदीपुरम	20 दिसम्बर 2017
20.	डॉ. जे.पी. यादव	अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी, सीएईटी, इटावा	22 दिसम्बर 2017
21.	डॉ. जी.पी. श्रीवास्तव	पूर्व निदेशक (अनुसंधन), सीएसएयूए टी, कानपुर	24 दिसम्बर 2017
22.	डॉ. लल्लू	प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, फसल कार्यिकी, सीएसएयूए टी, कानपुर	29 दिसम्बर 2017
23.	श्री सी.पी. तिवारी	नगर दंडाधिकारी, झांसी एवं कुलसचिव, बीयू, झांसी	19 जनवरी 2018
24.	श्री अमित यादव	उप निदेशक, मंडी परिषद, झांसी	23 जनवरी 2018
25.	डॉ. प्रभात कुमार	राष्ट्रीय समन्वयक, एनएईएचपी, भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली	27 जनवरी 2018 27 जून 2018
26.	डॉ. वाई.सी. गुप्ता	प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, भूदृश्यनिर्माण, डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन	27 जनवरी 2018
27.	डॉ. आर.के. मित्तल	पूर्व कुलपति, डॉ. आर.ए.यू, पूसा, समस्तीपुर	4-6 फरवरी 2018
28.	डॉ. शंकर लाल	पूर्व निदेशक, आईआईपीआर, कानपुर	
29.	डॉ. के.डी. उपाध्याय	पूर्व अधिष्ठाता, कृषि, सीएसयूए टी, कानपुर	

क्र.सं.	नाम	पदनाम	तिथि
30.	डॉ. जे.बी. चौधरी	पूर्व कुलपति, सीसीएसएएचयू, हिसार और जीबीपीयूए टी, पंतनगर	24 फरवरी 2018
31.	डॉ. आर.वी. कुमार	कार्यवाहक निदेशक, आईजीएफआरआई, झांसी	24 फरवरी 2018
32.	श्री आशीष गुप्ता	अपर जिलाधीश (नगर), दतिया	25 फरवरी 2018
33.	श्री पुरुषोत्तम रूपाला	माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री	27 फरवरी 2018
34.	डॉ. ओ.पी. चतुर्वेदी	पूर्व निदेशक, सीएएफआरआई, झांसी	7 मार्च 2018
35.	श्री तेज प्रताप	पूर्व कुलपति, एसकेयूएएस टी, श्रीनगर	12 मार्च 2018
36.	कर्नल सुदीप रजौरा	कर्नल, छावनी, झांसी	13 मार्च 2018
37.	डॉ. कमल कटियार	उप निदेशक, कृषि, झांसी, उत्तर प्रदेश	16 मार्च 2018
38.	डॉ. उमेश कटियार	उप निदेशक, पादप सुरक्षा, झांसी, उत्तर प्रदेश	16 मार्च 2018
39.	डॉ. राजीव वर्मा	नींबूवर्गीय फल विशेषज्ञ, बरूआ सागर, झांसी	17 मार्च 2018
40.	डॉ. अजय सोनी	जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, झांसी	20 मार्च 2018
41.	डॉ. ए.के. मालवीय	सहायक वन संरक्षक, झांसी	21 मार्च 2018
42.	डॉ. एस.बी. मिश्रा	अपर निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, झांसी	22 मार्च 2018
43.	डॉ. ए.के. निगम	विभागाध्यक्ष, सिविल अभियांत्रिकी विभाग, बीआईटी, झांसी, विशेष आमंत्रित सदस्य	18 अप्रैल 2018
44.	डॉ. अनिल सक्सेना	अध्यक्ष, सिविल अभियांत्रिकी विभाग, एमआईटी, ग्वालियर तथा सदस्य, भवन एवं निर्माण समिति	18 अप्रैल 2018
45.	डॉ. एस.के. ध्यानी	पूर्व निदेशक, सीएएफआरआई, झांसी	28 मई 2018
46.	डॉ. अनिल गर्ग	कार्यवाहक निदेशक, सीएएफआरआई, झांसी	28 मई 2018
47.	डॉ. मसूद अली	पूर्व निदेशक, आईआईपीआर, कानपुर	12 फरवरी 2018
48.	डॉ. भूप सिंह, अध्यक्ष	एनआरडीएमएस और एनएसडीआई प्रभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली	5 मई 2018
49.	डॉ. एस.पी. सिंह	प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, भूगर्भ विज्ञान विभाग, बीयू, झांसी	5 मई 2018
50.	डॉ. ए.के. सिंह	प्रधान वैज्ञानिक, एनआरडीएमएस और एनएसडीआई प्रभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली	5 मई 2018
51.	श्री विजय शर्मा	पूर्व सचिव, विदेश मंत्रालय तथा न्यासी मंडल के अध्यक्ष, विश्व कृषि वानिकी केन्द्र, नैरोबी	5 मई 2018
52.	श्री एलेक्जेंडर मुल्लर	न्यासी मंडल के अध्यक्ष, विश्व कृषि वानिकी केन्द्र, नैरोबी	5 मई 2018
53.	डॉ. जावेद रिज़वी	क्षेत्रीय निदेशक, दक्षिण एशिया, आईसीआरएफ, नई दिल्ली	5 मई 2018

क्र.सं.	नाम	पदनाम	तिथि
54.	डॉ. रवि प्रभु	उप महानिदेशक (अनुसंधान), आईसीआरएएफ, विश्व कृषि वानिकी केन्द्र, नैरोबी	5 मई 2018
55.	डॉ. राम भजन	प्राध्यापक पीबीजी, जीबीपीयूए टी, पंतनगर	18 जून 2018
56.	डॉ. लक्ष्मी चंद	पूर्व अध्यक्ष, जैव रसायनविज्ञान, जीबीपीयूए टी, पंतनगर	19 जून 2018
57.	डॉ. भैरम सिंह	उप निदेशक, बागवानी, झांसी	22 जून 2018
58.	डॉ. पूनम सिंह	अधिष्ठाता, कृषि, सीएसएयूए टी, कानपुर	25 जून 2018
59.	डॉ. आर.ए. त्रिपाठी	पूर्व अध्यक्ष, कीटविज्ञान, सीएसएयूए टी, कानपुर	26 जून 2018
60.	डॉ. आरिफ ब्रॉडवे	निदेशक (विस्तार), एसएचयूएटीएस, इलाहाबाद	28 जून 2018

12. संकाय सदस्यों की सम्मेलनों/प्रशिक्षणों/बैठकों में प्रतिभागिता

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न सम्मेलनों/प्रशिक्षणों और महत्वपूर्ण बैठकों में शोध-पत्र/प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा विभिन्न शैक्षणिक/अनुसंधान संबंधी मुद्दों में योगदान देने के लिए भाग लिया।

सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

क्र.सं.	सम्मेलन का नाम	तिथि और स्थान	नाम एवं पदनाम
1.	जैवप्रौद्योगिकी एवं जैविक विज्ञानों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन	अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कोलकाता में 25-26 अगस्त 2017	डॉ. साधना सिंह सागर, शिक्षण एसोसिएट (सूक्ष्मजीवविज्ञान), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
2.	भा.कृ.अ.प.-चना पर एआईसीआरपी की 21वीं वार्षिक समूह बैठक	भा.कृ.अ.प.- सीआईएई, भोपाल में 28-30 अगस्त 2017	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी डॉ. अंशुमान सिंह, वैज्ञानिक (आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
3.	टिकाऊ विकास के लिए कृषि एवं जैव विविधता संरक्षण में हुई प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन	सीसीएस विश्वविद्यालय, मेरठ में 27-28 अक्तूबर 2017	डॉ. अमित कुमार सिंह, शिक्षण एसोसिएट (सस्योत्तर प्रौद्योगिकी), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
4.	इंडियन सोसायटी ऑफ प्लांट पैथोलॉजिस्ट एंड हिमालयन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी द्वारा 'पादप रोग प्रबंधन में जैव-संगत युक्तियां' विषय पर राष्ट्रीय सिम्पोज़ियम	डॉ. वाई.एस. परमार, बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन में 27 से 28 अक्तूबर 2017	डॉ. अनिता पूयाम, शिक्षण एसोसिएट (पादप रोगविज्ञान), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी

सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता			
क्र.सं.	**सम्मेलन का नाम**	**तिथि और स्थान**	**नाम एवं पदनाम**
5.	पोषणिक सुरक्षा तथा कृषि टिकाऊपन के लिए दलहनों पर राष्ट्रीय सिम्पोज़ियम	भा.कृ.अ.प.- भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर में 2 से 4 दिसम्बर 2017	डॉ. मीनाक्षी आर्य, वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी डॉ. अंशुमान सिंह, वैज्ञानिक (आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन), रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
6.	किसानों की आय दुगुनी करने के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिक हस्तक्षेपों पर राष्ट्रीय सम्मेलन	सोसायटी फॉर इंटिग्रेटिड डेवलपमेंट ऑफ एग्रीकल्चर, वेटरनरी एंड इकोलॉजिकल साइंसेस, एसकेयूएएसटी, जम्मू में 08 फरवरी 2018	प्रो. डॉ. कुसुमाकर शर्मा, परामर्शक, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
7.	खाद्य सुरक्षा तथा जलवायु समुत्थानशील कृषि के लिए पादप विज्ञान एवं आण्विक जीवविज्ञान में वर्तमान प्रवृत्तियां विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन (पीएसएमबी 2018)	राजमाता विजय राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय (आरवीएसकेवीवी), ग्वालियर में 15-16 फरवरी 2018	उपज्ञा साह, तकनीकी सहायक, एआईसीआरपी-चना, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
8.	'किसानों की आय दुगुनी करने के लिए नवीनतम आवश्यकता आधारित एवं पारिस्थितिक मित्र प्रौद्योगिकियां' विषय पर 20वीं भारतीय कृषि वैज्ञानिक एवं किसान कांग्रेस	बीआरआईएटीएस, श्रृंगवेरपुर, इलाहाबाद में 17-18 फरवरी 2018	डॉ. अमित कुमार सिंह, शिक्षण एसोसिएट, सस्योत्तर प्रौद्योगिकी, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
	कार्यपालकों एवं प्रबंधाकों के लिए प्रगत कृषि व्यापार प्रबंधन पाठ्यक्रम	बाली, इंडोनेशिया में 5-9 मार्च 2018	डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, कुलसचिव, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
9.	'गणित, सांख्यिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकियों में परिगणन की नवीनतम प्रवृत्तियां' विषय पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन - भारत विज्ञान परिषद	बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में 9-11 मार्च 2018	डॉ. अमित कुमार जैन, शिक्षण एसोसिएट, कम्प्यूटर विज्ञान, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी
